राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -38 रायपुर बुधवार 31 जनवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



पीएम मोदी ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



चीन में कुदरत का कहर, यून्नान प्रांत में लैंडस्लाइड से अब तक 31 लोगों की मौत

### सर्वदलीय बैठक : बजट सत्र से पहले बड़ा कदम

## संसद से सस्पेंड सभी सांसदों का निलंबन होगा रद्द

नई दिल्ली. एजेंसी।

**संसद का बजट सत्र कल से शुरू होने वाला है. इस सत्र से ठीक पहले सभी निलंबित सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा. समाचार के मुताबिक, निलंबित सांसदों के निलंबन को रद्द करने के बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी है.**

प्रह्लाद जोशी ने कहा, सभी (निलंबन) रद्द किए जाएंगे. मैंने (लोकसभा) अध्यक्ष और (राज्यसभा) सभापति से बात की है, मैंने उनकी ओर से भी अनुरोध किया है. इसके साथ ही उन्होंने कहा, यह अध्यक्ष और सभापति के क्षेत्राधिकार में आता है. इसलिए, हमने उन दोनों से अनुरोध किया है कि वे संबंधित विशेषाधिकार प्राप्त समितियों से बात करें, निलंबन रद्द करें और उन्हें सदन में आने का अवसर दें. दोनों इस पर सहमत हो गए. वहीं जब उनसे पूछा गया कि क्या निलंबित सांसद कल से सदन में आएंगे तो उन्होंने कहा, हां.

**बजट सत्र से पहले सरकार ने की सर्वदलीय बैठक** - दरअसल लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले, 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी, जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए. रक्षा मंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया. संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे.





सरकार ने राष्ट्रपति के अभिभाषण और अंतरिम बजट को सत्र की प्राथमिकता बताया तो विपक्षी दलों की तरफसे संघीय ढांचे पर प्रहार, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 को मजबूत करने और सांसदों के निलंबन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सर्वदलीय बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में 30 राजनीतिक दलों से 45 नेता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर शुक्रवार, 2 फरवरी से ही चर्चा कराना चाहती है। सत्र में अंतरिम बजट पेश होगा और जम्मू कश्मीर का भी बजट पेश किया जाएगा। विपक्षी दलों की तरफसे उठाए गए मुद्दों के बारे में बताते हुए जोशी ने कहा कि यह वर्तमान लोक सभा का अंतिम सत्र होगा। सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। स्पीकर और चैयरमैन जिन मुद्दों पर भी चर्चा को कहेंगे, सरकार उन पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार का जोर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और अंतरिम बजट पर है। विपक्षी दलों के कुछ सवाल हैं, लेकिन, यह छोटा सत्र है इसलिए उनके सवालों का जवाब अब अगले टर्म (मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल) में देंगे।

## स्टार्टअप इंडिया इनोवेशन सप्ताह का उत्सव, पीयूष गोयल ने ली बैठक

एजेंसी।

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल ने Startup इंडिया इनोवेशन सप्ताह के दौरान देश में यूनिकॉर्न के विकास का उत्सव मनाने और यूनिकॉर्नों के विकास में सहायता करने को लेकर एक सहयोगात्मक तरीका अपनाने के लिए एक यूनिकॉर्न गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की।

**श्री पीयूष गोयल ने 40 यूनिकॉर्नों के साथ गोलमेज बैठक की** - इसमें प्रतिभागी 40 यूनिकॉर्नों ने अपने अनुभव से हासिल सीख और उन कारकों को रेखांकित किया, जिन्होंने उनके विकास को सक्षम बनाया। इसके अलावा भारतीय इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के लिए उन क्षेत्रों की पहचान की, जो देश को वैश्विक स्टार्टअप नेता के रूप में उभरने में सहायता कर सकते हैं। श्री पीयूष गोयल ने यूनिकॉर्न से एक साथ आने और एक यूनिकॉर्न क्लब या एसोसिएशन स्थापित करने का अनुरोध किया, जो देश में स्टार्टअप्स के लिए पूंजी तक पहुंच के समाधान के रुप में साथ आएगा।



यह बातचीत स्टार्टअप अनुकूल वातावरण को और अधिक बढ़ावा देने के लिए नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, टियर-2/3 शहरों में पहुंच बढ़ाने व निजी क्षेत्र में वित्तीय संस्थानों के सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों से सीखने पर केंद्रित था।उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने 10 से 18 जनवरी, 2024 तक पूरे देश में नवाचार और उद्यमिता पर देश के प्रमुख Startup , उद्यमियों, निवेशकों, नीति निर्माताओं और अन्य हितधारकों के एक साथ आने का उत्सव मनाया। इसमें कई प्रमुख घोषणाएं और लॉन्चिंग की गई। इनमें स्टार्टअप इंडिया का एक्सेलेरेटर कार्यक्रम- 'स्टार्टअपशाला' भी शामिल है। यह शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स के लिए 3 महीने का एक्सेलेरेटर कार्यक्रम है, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरी जानकारी, नेटवर्क, धनराशि और मार्गदर्शन तक पहुंच प्रदान करता है।

### जम्मू-कश्मीर कृषि स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है: डॉ. जितेंद्र सिंह



**एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर कृषि स्टार्ट-अप केंद्र के रूप में उभर रहा है. डॉ. सिंह ने कहा कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की झांकी में भद्रवाह के लैवेंडर के खेतों को प्रदर्शित गया है, जो इस बात का प्रमाण है कि जम्मू-कश्मीर को राष्ट्रीय स्तर पर ÷बैंगनी क्रांति (पर्पल रिवोल्यूशन)÷ के जन्म स्थान के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है और जिसका अनुकरण अब उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश, नागालैंड के रूप में अन्य हिमालयी राज्यों में भी किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस कृषि स्टार्ट-अप हब की नींव जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के सुरम्य नगर भद्रवाह में रखी गई है, जहां लैवेंडर की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है।

### बीजेपी नेता के हत्यारे पीएफआई के 15 वर्करों को सजा ए मौत

**तिरुवनंतपुरम** । केरल की एक अदालत ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफइंडिया के 15 वर्करों को भाजपा नेता की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई है। भाजपा के OBC विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की 19 दिसंबर 2021 को हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा था कि आठ दोषी, जिनकी पहचान निजाम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल सलाम उर्फसलाम पोन्नद, अब्दुल कलाम, सफरुद्दीन और मनशद के तौर पर हुई है।




## 23 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए : अमित शाह

एजेंसी।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में राज्यों के सहकारी समिति के रजिस्ट्रार कार्यालय और कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंकों के कंप्यूटरीकरण की योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बी एल वर्मा और सचिव, सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सहकार से समृद्धि के विज़न को साकार करने की दिशा में आज हम एक और कदम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर सहकारिता से जुड़े लोगों की बहुत पुरानी मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और इन 10 साल में देश के गांव, गरीब और किसानों के लिए मोदी जी ने 2 महत्वपूर्ण काम किए हैं। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने देश के करोड़ों गरीबों के जीवनस्तर को उठाने के लिए अकल्पनीय सहायता की है, जिससे लगभग 23 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता के माध्यम से करोड़ो लोगों को स्वरोजगार के साथ जोड़ने का एक मज़बूत तंत्र खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि एक विस्तृत विज़न के साथ दोनों कामों को एकसाथ करते हुए मज़बूत ग्रामीण विकास की नींव डालने का काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 2 कदम- डिजिटल इंडिया और सहकारिता मंत्रालय की स्थापना- देश में समृद्ध गांवों की नींव डालने वाले और विकसित भारत की सोच को ग्रासरूट तक ले जाने वाले साबित होंगे। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज डिजिटल इंडिया के तहत सहकारिता भी डिजिटल माध्यम से गांवों तक पहुंचनी शुरू हो गई है।

उन्होंने कहा कि राज्यों के सहकारी समिति के रजिस्ट्रार कार्यालय एवं कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंकों केकम्प्यूटराइज़ेशन के माध्यम से प्राथमिक कृषि ऋण समिति से लेकर पूरी सहकारिता व्यवस्था को आधुनिक बनाने का काम मोदी जी ने किया है। अमित शाह ने कहा कि इन दोनों कामों में लगभग सवा दो सौ करोड़ रूपए की लागत आएगी, जिनमें से ARDBs पर 120 करोड़ रूपए और RCS पर 95 करोड़ रुपए की लागत आएगी।



### 'देखी जमाने की यारी, बिछड़े सभी बारी बारी' : इंडी गठबंधन पर भाजपा का तंज

नई दिल्ली. एजेंसी।

INDI गठबंधन की स्थिति पर भाजपा का तंज, खड़गे पर भी पलटवारभाजपा और नरेंद्र मोदी के रथ को रोकने के लिए 28 दलों के इंडिया गठबंधन की वर्तमान स्थिति कमजोर होती दिखाई दे रही है। जब से नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन से बाहर हुए हैं तब से इसको लेकर चर्चा काफी तेज है। इसी को लेकर भाजपा ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में पूरी तरह ध्वस्त होने के बाद विपक्ष के इस तथाकथित I.N.D.I.A. गठबंधन की यारी अब छिन्न-भिन्न हो गई है। इस बौखलाहट में अब कांग्रेस पार्टी आपत्तिजनक बयान देने पर आ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधारहीन और अनर्गल बयान दिया है।



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि देखी जमाने की यारी, बिछड़े सभी बारी-बारी! उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पूरी हार और तथाकथित INDI गठबंधन के बिखरने के बाद कांग्रेस पार्टी बौखला गई है। इसी बौखलाहट में कांग्रेस पार्टी ने आपत्तिजनक बयानबाजी शुरू कर दी है।

### चीन-पाक के उड़ गए होश, जब अचानक तालिबान की बुलाई टॉप मीटिंग में पहुंच गया भारत

**एजेंसी।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को काबुल में तालिबान सरकार द्वारा अफगानिस्तान पर बुलाए गए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया। यह बैठक, अगले महीने दोहा में संयुक्त राष्ट्र की सभा की पूर्ववर्ती बैठक है, जो क्षेत्रीय कूटनीति में एक उल्लेखनीय कदम है। काबुल में भारत की तकनीकी टीम के प्रमुख रामबाबू चेलप्पा ने देश का प्रतिनिधित्व किया। क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने में नई दिल्ली की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के संबंध में अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेता है, और अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास के लिए हर प्रयास का समर्थन करता है। अफगानिस्तान की 'क्षेत्रीय सहयोग पहल' नामक सम्मेलन में रूस, चीन, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष दूतों और राजनयिकों की उपस्थिति देखी गई। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास की इच्छा पर जोर दिया।

### विकास के लिए 4 चीजे जरुरी, पॉवर, मोटर, ट्रांसपोर्ट, कम्यूनिकेशन

संवाददाता, जबलपुर।

विकास के लिए चार चीजे जरुरी है, मोटर, पॉवर, ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन. आज हम सड़के इसलिए बना रहे है इससे पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा. अच्छी सड़क व रिसॉर्स से पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होगी, इससे प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगी. उक्ताशय के विचार केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जबलपुर के वेटनरी कालेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए. उन्होने यहां से 2327 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया. वे इस दिनों मध्यप्रदेश के दौरे पर है. केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने आगे कहा कि हम मध्यप्रदेश में तीन लाख करोड़ के काम करेंगे. मध्यप्रदेश में कोयला है. कोयले से मिथेनॉल बनाइए, इससे वाहन चलेंगे. इंपोर्ट इफेक्टिव पॉलूशन फ्री पॉलिसी राज्य सरकार की होगी तो हमारी ओर से कई काम होंगे. आने वाले दिनों में एमपी पहले तीन प्रगतिशील राज्य में आएगा. उन्होने यभी कहा कि जब मैं भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष था उस वक्त भारत सरकार ने मध्यप्रदेश को कृषि विकास का अवार्ड शिवराजसिंह को दिया था, इसकी मुझे खुशी है, मैं किसान हू और मध्यप्रदेश कृषि में अग्रणी है।



### ऐसे डरपोक सीएम सत्ता में रहे तो राज्य कहीं का नहीं रहेगा : भाजपा

**एजेंसी।** यदि पिछला सप्ताह बिहार था, तो अब पड़ोसी राज्य झारखंड सुर्खियों में है जहां भूमि धोखाधड़ी मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय तलाश कर रही है। जांच एजेंसी के अधिकारी लगभग 30 घंटे तक उनका पता लगाने में विफल रहने के बाद मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची में फिर से सामने आने के बाद सोरेन ने अपने ठिकाने पर सस्पेंस खत्म कर दिया। हालांकि, पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीति जारी है। भाजपा हेमंत सोरेन पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। झारखंड भाजपा प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर वह गायब थे तो उन्हें बताना चाहिए कि वह कहां भाग गये थे। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि अगर सीएम को पुलिस, सीबीआई, ईडी से डर लगेगा तो वह अफसरों से काम कैसे कराएंगे? अगर ऐसे डरपोक सीएम सत्ता में रहे तो राज्य कहीं का नहीं रहेगा।



### बीजेपी ने जीता चंडीगढ़ मेयर पद का चुनाव

**एजेंसी।** काफी बवाल और हंगामे के बीच चंडीगढ़ में मेयर पद का चुनाव बीजेपी ने जीत लिया है. इसी के साथ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है. इस चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन को बड़ा झटका देते हुए बीजेपी उम्मीदवार मनोज कुमार ने जीत दर्ज कर ली है. राजनीतिक गलियारों में इसे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पहली हार के रूप में देखा जा रहा है।

**विदेश** | **मोदी के दृष्टिकोण की प्रशंसा करते नजर आए जयशंकर**

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी अब दुनिया का प्रमुख पर्यटन स्थल : जयशंकर

एजेंसी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रयासों के कारण ही गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है और इसकी वजह से स्थानीय आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं।

जयशंकर ने गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफयूनिटी के पास एकता नगर में आतिथ्य क्षेत्र में स्थानीय आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए समर्पित एक कौशल केंद्र का उद्घाटन किया और वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार टाटा समूह की कंपनी आईएचसीएल द्वारा शुरू किए गए इस आतिथ्य कौशल केंद्र में सालाना 120 आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। एकता नगर में खोला गया यह इस तरह का दूसरा कौशल विकास केंद्र है। गौरतलब है कि गुजरात से राज्यसभा सदस्य जयशंकर ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत आदिवासी बहुल नर्मदा जिले के चार गांवों को गोद लिया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''आज गुजरात के एकता नगर में आईएचसीएल आतिथ्य कौशल केंद्र के उद्घाटन में भाग लेने पर खुशी हुई। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी लगातार बढ़ते पर्यटकों के साथ एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। होटल सहित पर्यटकों के लिए सुविधाओं का निर्माण एक स्वाभाविक परिणाम है। ऐसी सुविधाओं के लिए कुशल मानव संसाधन सुनिश्चित करना अब अगला कार्य है। '' उन्होंने कहा, ''यह देखकर बहुत खुशी हुई कि आईएचसीएल केंद्र ने काम करना शुरू कर दिया है। इसमें प्रशिक्षण के लिए चुने गए पहले बैच के साथ बातचीत की।

मोदी सरकार के पर्यटन को बढ़ावा देने से क्षेत्र के इन युवाओं को नए अवसर मिले हैं।'' विज्ञप्ति के मुताबिक जयशंकर ने केंद्र के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी पर्यटकों के बीच स्टैच्यू ऑफयूनिटी की बढ़ती लोकप्रियता के मद्देनजर आतिथ्य क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफयूनिटी के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, '' जब मैं पहली बार गुजरात से राज्यसभा सदस्य बना, तो प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि मैं नर्मदा जिले का दौरा करूं। इस पांच वर्ष की अवधि में नर्मदा जिले का विकास वास्तव में प्रभावशाली है।





## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली हमलें में CRPF के 13 जवान घायल

रायपुर, लोकशक्ति।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ा नक्सली हमला, छ्त्रक्क्त के 13 जवान घायल, जारी है मुठभेड़छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है जिसमें सीआरपीएफ के 13 जवान घायल हैं, जिसमें से एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने टेकुलगुडम कैम्प पर हमला किया है।

हमले में घायल जवानों को चॉपर से जगदलपुर रेफर किया गया है। कोबरा बटालियन और छ्त्रक्त के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ अब भी जारी है। बता दें कि टेकलगुड़ेम में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया था।



जिला सुकमा/बीजापुर की सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में (थाना जगरगुण्डा, जिला सुकमा) नक्सल गतिविधि के ऊपर अंकुश लगाते हुये क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधा से लाभान्वित करने हेतु आज दिनांक 30 जनवरी, 2024 को नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया था। कैम्प स्थापना के पश्चात् जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में गस्त सर्चिंग कर रही कोबरा/एसटीएफ/डीआरजी बल के ऊपर माओवादी द्वारा फायरिंग की गई है। सुरक्षा बल द्वारा भी माओवादी फायरिंग का मूंहतोड़ जवाब देते हुये जवाबी कार्यवाही किया गया। सुरक्षा बल के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल का आड़ लेकर भाग गये। हमले में घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है तथा इलाज हेतु रायपुर भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में टेकलगुड़ेम के जंगल में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 23 जवानों की शहादत हुई थी। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि क्षेत्र की जनता को नक्सल समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु बस्तर पुलिस एवं तैनात सुरक्षा बल संकल्पित है।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

## खास खबर

### राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के गरिमामयी पावन अवसर पर प्रथम बार एस.जी.एफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया) द्वारा आयोजित 67 वें अखिल भारतीय स्कूल खेल-कूद अंतर्गत जिला सूरजपुर के कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर गौरवान्वित किया। जिन्हे गणतंत्र दिवस के समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें कु. सोनिया दास 1500, 3000 मीटर दौड़ एवं क्रास कंट्री में 02 स्वर्ण एवं रजत पदक कु.माही दास कुश्ती, अंकुश कुमार, दिगम्बर राजवाडे, ईशान्त राजवाड़े, जवाहर लाल राजवाड़े, शुभम विश्वकर्मा, रोहन राजवाड़े, फुटबाल, कैलाश कुमार तलवारबाजी में कांस्य पदक प्रिंस दुबे बॉलीबाल, विशाल साहू, दीपक कुमार ताईक्वांडो, अभिज्ञान यादव तिरंदाजी, हिमांशु सिंह, त्रिकूद तथा मनीष गुप्ता ने कुश्ती में भाग लेकर जिले व छ.ग. राज्य को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर रविन्द्र सिंह देव (सहायक संचालक), शरदेन्दु कुमार शुक्ल (सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी), श्रीमती शीला मजूदार, सुनैना जायसवाल, रविन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, संजय सिदार, समेत समस्त अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक स्कूली छात्र, छात्राएं एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन की पहल पर छात्रा का शीघ्र बना आधार कार्ड

**दंतेवाड़ा।** वर्तमान में कोई भी प्रतियोगी परीक्षा हो या अन्य कोई शासकीय कार्य आधार कार्ड मे दी गयी जानकारियों का त्रुटिहीन होना अनिवार्य है कारण, आधार कार्ड की जानकारी ही संबंधित का पहचान पुख्ता करती है। परन्तु कभी-कभी आधार कार्ड के मुद्रण में जन्म तिथि या फिर निवास स्थान अथवा सरनेम मे भूलवश त्रुटियां मुद्रित हो जाती है। जिसके सुधार के लिए कार्यालयों में भागदौड़ करनी पड़ती है, और फिर इसके संशोधन की प्रक्रिया की भी एक तय सीमा निर्धारित है ऐसे में अगर किसी के समक्ष परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण अवसर हो तो परेशानी होना स्वाभाविक है। इसके लिए समय रहते ही आधार कार्ड में सुधार करवा लेना ही बुद्धिमानी है। इस क्रम में मुख्यालय के पंड़ेवार ग्राम की छात्रा ''रीना ठाकुर'' को ऐसे ही क्षणों का सामना करना पड़ा। ''रीना'' मुख्यालय के ''छू-लो आसमान संस्था'' में कक्षा-12वीं में अध्ययनरत है और उसके जेईई प्रतियोगी परीक्षा 30 जनवरी को निश्चित थी। परन्तु उसके आधार कार्ड में उसकी जन्मतिथि एवं सरनेम में त्रुटियां होने के कारण परीक्षा में बैठना उसके लिए संभव नहीं हो रहा था। इसके अलावा 18 वर्ष के कम होने के कारण उसे आधार कार्ड में संशोधन के लिए एक लंबी प्रक्रिया बताई गयी थी और उसके पास इतना समय ही नहीं बचा था। अत: उसने संस्था की वार्डन श्रीमती सैनी रविन्द्र के कहने पर दिनांक 17 जनवरी को जिला प्रशासन को अपनी दिक्कतों से अवगत कराया। इस पर प्रशासनिक त्वरित कार्यवाही की गयी। और उक्त छात्रा के आधार कार्ड में तत्काल सुधार किया गया। फलस्वरूप समय रहते दिनांक 27 जनवरी को छात्रा के आधार कार्ड में सुधार कर उसे दे दिया गया है। इसके लिए छात्रा ''रीना'' ने हर्षित होकर जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# वनक्षेत्र के 18 गांव में सोलर प्लांट के जरिए मिल रही है बिजली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वनग्रामों में सोलर एनर्जी से न केवल बिजली पहुंचायी जा रही है। बल्कि वनग्रामों में रहने वाले किसानों की जीवन को बेहतर बनाने उन्हें सोलर पंप के जरिए सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम द्वारा बार अभ्यारण सेंचुरी के 18 वनग्रामों में 06 किलोवॉट का सोलर पॉवर प्लांट लगाकर इन गांवो में रात के समय जहां विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा किसानों को सिंचाई और पेयजल के लिए अब आसानी से पानी उपलब्ध हो रहा है।



क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा बार अभ्यारण क्षेत्र का के गांवों में क्रेडा द्वारा किए जा रहे कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया और सोलर प्लांट से मिलने वाले लाभ के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्राम रवान में श्रीमती सुमित्रा बताया कि उनके यहां स्थापित सोलर पंप से उन्हें भरपूर सिंचाई सुविधा मिल रही है। पंप लगने के बाद साल में दो बार फसल ले रहे है। इससे उनकी आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने ग्राम रवान के घरों में जाकर सोलर संयंत्र से घरों में चल रहे उपकरणों को भी देखा। श्री राणा ने जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थापित हो रहे सोलर पंपों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बार क्षेत्र में निर्माणाधीन सभी कार्यो को समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश क्रेडा के अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम बार में किसानों के यहां बनाए गए बायोगैस संयंत्रों का निरीक्षण किया गया। गृहणी श्रीमती मीना यादव ने बताया कि जब से बायोगैस संयंत्र उनके घर में लगा है तब से उन्हें धुंए से आजादी मिल गई है और स्वच्छ वातावरण में खाना पकाने से उन्हें सुविधा मिल रही है।

निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों द्वारा यह बताए जाने पर कि सोलर पंप कंपनी द्वारा समय पर सर्विस नही दी जा रही है।

श्री राणा ने क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि सोलर संयंत्र या सोलर पंप में खराबी का सुधार कार्य नहीं करने वाली कंपनियों की सुरक्षा निधि से राशि कटौती कर उन संयंत्रों को तत्काल दुरूस्त किये जाए। इसी प्रकार खराब सोलर हाई मास्ट संयंत्र के 03 लाईट को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए।

## राजधानी में दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला कल

**रायपुर।** दिव्यांगों के लिए राजधानी रायपुर में रोजगार मेले का अयोजन किया जा रहा है। यह मेला राजभवन के पास स्थित विशेष रोजगार कार्यालय में 31 जनवरी को लगाया जाएगा। इस मेले में निजी उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा विभिन्न पदों पर दिव्यांगों को भर्ती के लिए चयनित किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। इस मेले में चयनित होने वाले दिव्यांग आवेदकों को रायगढ़ एवं रायपुर के विभिन्न निजी उद्योगों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. (श्रीमती) शशीकला अतुलकर द्वारा अवगत कराया गया है कि मेले में शामिल होने वाले दिव्यांग आवेदकों को जिला रोजगार कार्यालय पंजीयन कार्ड, जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, शिक्षा एवं आयु से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मोबाईल नंबर, जाति प्रमाण-पत्र, (यदि आरक्षित श्रेणी से है) तथा पासपोर्ट आकार के 2 फोटो लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अनुभवी दिव्यांगजनों के लिए 1 से 5 वर्ष के अनुभव के आधार पर भी रिक्तियों की पूर्ति मेले में की जायेगी। अनुभव प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

उप संचालक डॉ. श्रीमती शशीकला अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में पात्र दिव्यांगजनों का डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, क्लर्क, सुपरवाइजर, भृत्य, असिस्टेंट, सेल्स मेन, हेल्पर, फिल्ड मार्केटिंग, फिल्ड एक्सेक्यूटिव, डिलीवरी एक्सेक्यूटिव, रिसेप्शनिस्ट एवं सेल्स एक्सेक्यूटिव पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 08वीं उत्तीर्ण से स्नातक व उससे अधिक योग्यताधारी निर्धारित की गई है। मेले में आवेदक को स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना है, कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रहने एवं खानपान की व्यवस्था भी आवेदक को स्वयं करनी है। रोजगार मेले में बालाजी फायनेंस एण्ड कंसलटेंसी के लिए 12 पद, रोटोकास्ट इंडस्ट्रीस लिमिटेड क्लर्क एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 02 पद, शांता टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड के लिए क्लर्क का 1 पद, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का 1 पद, भृत्य का 1 पद सुनिल स्पांज प्राइवेट लिमिटेड में असिस्टेंट का 1 पद, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का 1 पद, सुपरवाइजर का 1 पद, टचस्टोन ग्रुप भाठागांव रायपुर के लिए सेल्स मेन का 4 पद पर भर्ती की जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री ने ब्रांड एंबेसेडर डॉ. पाणिग्राही को किया सम्मानित



**दुर्ग।** समाजसेवा , पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता के क्षेत्र में एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप जाने जानेवाले डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कर कमलों से सम्मानित हुए । डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही नगरपालिका निगम दुर्ग के स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसेडर हैं।

स्वच्छता के नवाचारी कार्यक्रमों के साथ दुर्ग में सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो अभियान के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं । सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो अभियान के लिए डॉ पाणिग्राही ने एक विशेष नारा दिया अपने घर से थैला लेकर बाजार चलो ,सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो । इस नारे का अच्छा प्रतिसाद मिला है । लोग घर से थैला लेकर आने लगे हैं ।डॉ पाणिग्राही ने अपनी एक्टिवा दोपहिया वाहन को भी सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो नारे से पेंट कर स्वयं की वेशभूषा भी उसी अनुरूप बनाकर जागरूकता के लिए निकलते हैं जो आकर्षण का केंद्र बनाता है। गणतंत्र दिवस पर सम्मान मिलने पर प्रसन्नता का अनुभव करते हुए उन्होंने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, संभाग कमिश्नर सत्यनारायण राठौड़, एस एस पी रामगोपाल गर्ग ,दुर्ग नगर निगम कमिश्नर लोकेश चंद्राकर, एडिशनल कलेक्टर गोकुल रावटे ,अरविंद एक्का, सी ई ओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन ,नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: यातायात के नियमों के साथ लोग सीख रहें स्वस्थ रहने के तरीके

**रायपुर।** राज्य के जिलों में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 (15 जनवरी से 14 फरवरी) के दौरान विभिन्न जनजागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोगों को सड़क यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के साथ स्वस्थ रहने के तरीके सिखाएं जा रहे है।

इसी श्रृंखला में 24 एवं 25 जनवरी को पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में 26 जनवरी की शाम मरीन ड्राईव तेलीबांधा तालाब में, 27 जनवरी को श्रीराम मंदिर के समीप वी.आई.पी. रोड एवं 28 जनवरी को अनुपम गार्डन रायपुर में सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें सुरक्षित यातायात एवं प्रभावी सड़क सुरक्षा जन जागरूकता हेतु ''स्टे फिट विथ मी'' एवं तेरा पंथ प्रोफेशनल फोरम के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन नुक्कड़ प्रहसनों के माध्यम से



यातायात नियमों की अवहेलना के गंभीर परिणामों को अत्यंत प्रभावी रूप से रेखांकित कर यादगार बनाया गया।

इस अवसर पर ''स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन तथा स्वस्थ मन में सुरक्षित जन'' की थीम पर आधारित एरोबिक्स एवं जुम्बा इवेंट में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को सड़क यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के यातायात के नियमों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वाहन चालन के संकल्प के लिये प्रेरित किया।

# नवीनीकरण के कारण अब नया राशन कार्ड मार्च में बनेगा - कलेक्टर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने कलेक्ट्रेट में जनदर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओ से रूबरू हुए। कलेक्टर ने राशन कार्ड जारी करने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर हितग्राहियों को जानकारी दिया कि आगामी एक माह 29 फरवरी 2024 तक राशन कार्ड के नवीनीकरण कार्य की वजह से कार्ड बनने का कार्य बंद है। इसलिए अब नया राशन कार्ड मार्च 2024 में बनना प्रारंभ हो जाएगा। इसके अलावा जनदर्शन में धान खरीदी संबंधी समस्या, निराश्रित पेंशन, अवैध निर्माण, जमीन अतिक्रमण, पीएम आवास योजना, भू-अर्जन, मनरेगा जन जीवन मिशन, सेवानिवृत शिक्षकों की लंबित राशि और मुआवजे संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर चौहान ने प्राप्त आवेदनों को सभी संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए।



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। राशनकार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ईकेवायसी पूर्ण हो, अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। राशनकार्डो के नवीनीकरण के लिए हितग्राही द्वारा आवेदन 15 फरवरी 5024 तक लिया जाएगा। नवीनीकरण के पश्चात राशनकार्डों का वितरण 1 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा। राशनकार्ड का वितरण स्थानीय निकायों द्वारा सामान्य राशनकार्डो को छोड़कर शेष सभी नवीनीकृत राशनकार्ड नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा। सामान्य राशनकार्ड 10 रूपए प्रति कार्ड की राशि सहित हितग्राही द्वारा प्रदाय की जाएगी।

राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण के लिए आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जाएगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा अपने मोबाईल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर इसके जरिये आवेदन की प्रस्तुति की जा सकेगी। राशनकार्ड का नवीनीकरण का आवेदन खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के माध्यम से किया गया है। यह एप्प हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाईट https//khadya.cg.nic.in से डाउनलोड किया जा सकेगा। राशनकार्डधारी द्वारा अपने एंड्रायड मोबाईल फोन में स्वयं खाद्य विभाग के एप्प को डाउनलोड करने के उपरांत इसके जरिये राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। राशनकार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नंबर मुखिया का नाम, पति या पिता का नाम, लिंग, आयु, राशनकार्ड का प्रकार, उचित मूल्य दुकान का क्रमांक तथा राशनकार्ड में दर्ज समस्त सदस्यों की जानकारी सहित इनके ई-केवायसी की स्थिति एप्प के जरिये विभागीय डेटाबेस से तत्काल प्रदर्शित हो जाएगी। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अपठनीय होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपने राशनकार्ड क्रमांक तथा मोबाईल नंबर को एप्प में दर्ज किया जा सकेगा तथा उसके द्वारा दर्ज मोबाईल नंबर एवं राशनकार्ड में दर्ज मोबाईल नंबर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

## रेडक्रॉस सभा कक्ष में आयोजित हुआ जन चौपाल

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में अतिरिक्त कलेक्टर श्री बीबी पांचभाई ने जनचौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में आज नागरिकों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित 78 आवेदन आए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

आज जन चौपाल में आज रायपुर निवासी तारा शर्मा ने अपनी भूमि के खसरा एवं नक्शा को ऑनलाइन दर्ज कराने और सेरीखेड़ी निवासी जगरबती ने अपनी भूमि का नक्शा बटांकन कर ऑनलाइन पोर्टल एवं पटवारी नक्शे में दुरुस्त करने आवेदन दिया। इसी प्रकार पंडरी रायपुर निवासी पंडरी रायपुर निवासी प्रीतम महानंद ने अपने पुत्र की मार्कशीट में जन्मतिथि में त्रुटि सुधार करने गुरुघासीदास वार्ड निवासी भगवती साहू ने अपनी भूमिका पट्टा दिलाने, ग्राम मोहदी निवासी राकेश शर्मा ने गांव की सड़क का डामरीकरण कराने एवं ग्राम बिरोदा निवासी इतवारी राम साहू ने अपनी भूमि का मुआवजा दिलवाने, ग्राम पाड़ाभाट निवासी राजा राम टंडन ने विकलांग पेंशन दिलवाने, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने गांव में हो रहे अवैध ईट निर्माण कार्य को रूकवाने और बिजली खंभे लगवाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर जन चौपाल का आयोजन किया जाता है।

## 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया



**संवाददाता।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प भेंट किए गए। शहीद दिवस के रूप में सुबह 11 बजे से 11.02 बजे तक मौन धारण कर 2 मिनट के लिए मौन धारण करना सुनिश्चित किया गया। रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों एवं कार्यालयों एवं अधीनस्थ इकाइयों स्टेशनों पर भी 2 मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता : क्वाटर फाइनल में छत्तीसगढ़, दिल्ली और महाराष्ट्र की टीम ने मारी बाजी

**कोरबा**

जिले में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत आज बालक-बालिका 14 व 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच आयोजित किए गए। लीग मैच 19 वर्ष बालक आयु वर्ग में महाराष्ट्र को हराकर चंडीगढ़, तेलंगाना को हराकर दिल्ली, सीबीएसई को हरा विद्याभारती, तमिलनाडु को हराकर हरियाणा, बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग में मध्यप्रदेश को हराकर तेलंगाना ने जीत हासिल की। क्वाटर फाइनल बालक 19 वर्ष आयु वर्ग में विद्याभारती को हराकर महाराष्ट्र, चंडीगढ़ को हराकर छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर को हराकर दिल्ली, हरियाणा को हराकर मध्यप्रदेश ने जीत हासिल की। क्वाटर फाइनल बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग में आंध्रप्रदेश को हराकर चंडीगढ़, हरियाणा को हराकर महाराष्ट्र, केरल को हराकर छत्तीसगढ़, तेलंगाना को हराकर दिल्ली ने विजय प्राप्त की।



# एनीकट से तालाब भरने की योजना का क्रेडा: सीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

लोकशक्ति।



रायपुर, छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए तालाब ना केवल उनके दैनिक उपयोग के निर्वहन के लिए अपितु बहुत से रीति-रिवाजों से संबंधित कार्यों के लिए भी होता है। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण आस्थाओं से बहुत करीब से जुड़े हुए यह तालाब गर्मी के दिनों में सुख जाते हैं, जिससे ना केवल उस तालाब के आश्रित ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ता है, अपितु उनके रीति रिवाजों से संबंधित कार्य भी प्रभावित होते हैं।

इस समस्या के निदान हेतु क्रेडा द्वारा एनीकटों से तालाब भरने की एक योजना का संचालन किया जा रहा है। क्रेडा मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री राजेश सिंह राणा द्वारा इस संबंध में जिला महासमुंद के महासमुंद विकासखंड में स्थित ग्राम मुढ़ेना में एनीकट से तालाब भरने की एक प्रगतिरत् परियोजना का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई।

परियोजना अंतर्गत 10 एच. पी. क्षमता के दो सोलर पंपों की स्थापना मुढ़ेना एनीकट के एक स्थल में कर पाईप लाईन के माध्यम से ग्राम के ही एक तालाब में जल पहुंचाने का कार्य प्रगतिरत् है। श्री राणा द्वारा परियोजना के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया गया कि ऐसे परियोजनाओं के लिए स्थापित सोलर पंपों से ग्राम के अन्य 2-3 तालाबों में भी जल भरने की व्यवस्था की जाए। साथ ही जब एनीकट से तालाब में पानी भरने की आवश्यकता ना हो तो ऐसे समय में सोलर पंप के संचालन हेतु स्थापित सोलर पैनलों से उत्पादित होने वाली बिजली को निकटस्थ ग्रिड में सप्लाई की जाए। इस उत्पादित बिजली का उपयोग रोजगार एवं जीविकोपार्जन गतिविधियों जैसे - मत्स्य पालन, आटा चक्की, थ्रेशर मशीन संचालन इत्यादि कार्यों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही और परियोजना अंतर्गत सभी कार्य गुणवत्तापूर्वक किये जाने के लिए क्रेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही परियोजना के कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश इकाई के प्रतिनिधियों को दिए।

## खास खबर...



### रिकार्ड धान खरीदी की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़, अब तक 134 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ग्राफ प्रतिदिन ऊपर चढ़ता जा रहा है। बीते साल राज्य में हुई 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का रिकार्ड इस साल पहले ही टूट चुका है। राज्य में अब तक 133.88 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है, जो कि बीते साल की तुलना में लगभग 27 लाख मीट्रिक टन अधिक है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभी दो दिन और बाकी है। प्रतिदिन औसतन साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो रही है। इसको देखते हुए इस साल धान खरीदी की मात्रा 140 लाख मीट्रिक टन के पार होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि राज्य में इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का परिपालन सुनिश्चित करते हुए किसानों से प्रति एकड़ के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों से चालू विपणन वर्ष में 29 जनवरी तक 133.88 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी के एवज में उन्हें 28 हजार 104 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 23 लाख 68 हजार 810 किसान धान बेच चुके हैं। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के राज्य में 26 लाख 85 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग भी समांतर रूप से जारी है। मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। अब तक 101 लाख 85 हजार 181 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 91 लाख 13 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

### रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 'आरोहण-2024' का आगाज

# खेल से हमें टीम भावना और अनुशासन की मिलती है सीखः बृजमोहन अग्रवाल

- उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का किया शुभारंभ
- गायन डांस आदि कंपटीशन के साथ 4000 प्रतिभागी विभिन्न खेल में लेंगे हिस्सा



**रायपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि पढ़ाई के साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। जहां खेलकूद से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। वहीं अनुशासन के साथ आपसी समझ और टीम भावना विकसित होती है। संस्कृति गतिविधियों से रचनात्मकता और सामाजिक कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। वे आज श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आरोहण - 2024' के शुभारंभ के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

उच्च शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि, खेल और संस्कृति गतिविधियां जैसे गायन, डांस आदि वर्तमान समय में आजीविका का साधन भी बन गई हैं। इतना ही नहीं यह हमें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी दिलाती है। खेल हमें सीखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी कमियों का पता चलता है। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर आरोहण 2024 का शुभारंभ किया और सभी छात्र-छात्राओं को ''मैं को हम बनायेंगे, हम नया भारत बनायेंगे'' की शपथ दिलाई। उन्होंने इस मौके पर रंग बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़कर आरोहण-2024 का शुभारंभ किया।

रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों और शिक्षकों ने शुभारंभ अवसर पर फ्लैश माब नृत्य का प्रस्तुत किया। सात दिनों तक चलने वाले आरोहण 2024 में देश भर से करीब 4000 प्रतिभागी तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही गायन डांस आदि कंपटीशन में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उनके परिजन शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## अग्रसेन महाविद्यालय में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उच्च शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने किया शुभारंभ


**रायपुर।** उच्च शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आयोजित की जा रही अंतर विद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।



उच्च शिक्षा और संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के जरिए हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि हमे शिक्षा के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री को उनका रेखाचित्र भी भेंट किया।

शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डीके अग्रवाल, डॉ. वाईके राजपूत, डॉ. केके अवस्थी, शिक्षक, विद्यार्थी समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 14 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 29 जनवरी की स्थिति में 14 लाख राशनकार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई। ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है।

राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

# कृषि एवं किसानों के विकास के लिए उपयुक्त है समन्वित कृषि प्रणाली

## कृषि विश्वविद्यालय में समन्वित कृषि प्रणाली पर तीन दिवसीय अखिल भारतीय वार्षिक समूह बैठक प्रारंभ

- समन्वित कृषि प्रणाली के विभिन्न मॉडलों, संभावनाओं एवं चुनौतियों पर विचार मंथन होगा



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में समन्वित कृषि प्रणाली पर अखिल भारतीय समन्वित कृषि अनुसंधान परियोजना की तीन दिवसीय वार्षिक समूह बैठक का शुभारंभ किया गया। 31 जनवरी तक चलने वाली इस समूह बैठक में इस परियोजना के अंतर्गत संचालित देश के 74 अनुसंधान केन्द्रों के कृषि वैज्ञानिक शामिल हुए हैं। वार्षिक समूह बैठक के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) डॉ. एसके चौधरी थे तथा समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस तीन दिवसीय वार्षिक समूह बैठक का आयोजन भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, मोदीपुरम, मेरठ) तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस बैठक में समन्वित कृषि प्रणाली परियोजना के अंतर्गत देश भर के विभिन्न केन्द्रों में संचालित अनुसंधान गतिविधियों, समन्वित कृषि प्रणाली के विभिन्न मॉडलों, चुनौतियों तथा संभावनाओं पर विचार-मंथन किया जाएगा तथा भविष्य हेतु रणनीति तैयार की जाएगी।

वार्षिक समूह बैठक का शुभारंभ करते हुए उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. एस.के. चौधरी ने कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली आज के दौर में पूरे विश्व की आवश्यकता है और दुनिया के विभिन्न देशों में इसका सफलतापूर्वक प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से कृषि के उपलब्ध संसाधनों का समुचित तथा प्रभावी उपयोग हो पाता है, उत्पादकता बढ़ती है तथा खेती की लागत कम होती है। समन्वित कृषि प्रणाली फसल उत्पादन के साथ-साथ उद्यानिकी, वानिकी, पशुपालन, मछली पालन तथा कृषि से संबंधित सभी पहलुओं का समन्वित उपयोग कर अधिक उत्पादन एवं आय प्राप्त करने का उपयुक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि समन्वित समन्वित कृषि प्रणाली के द्वारा ही कृषि के क्षेत्र में व्याप्त चुनौतियों जैसे खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी असंतुलन आदि का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष पूर्व शुरू की गई यह परियोजना उस समय भी प्रासंगिक थी और आज और भी ज्यादा प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत संचालित देश के विभिन्न केन्द्रों में समन्वित कृषि प्रणाली के विविध मॉडलों पर अनुसंधान किया जा रहा है तथा जलवायु सहनशील मॉडलों का विकास किया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि कृषि एवं कृषकों के विकास के समन्वित कृषि प्रणाली एक बेहतरीन मॉडल है। इस प्रणाली के तहत किसान के पास उपलब्ध समस्त संसाधनों - मानव संसाधन, पशु संसाधन, यंत्र एवं उपकरण, बीज, खाद, उर्वरक, सिंचाई जल आदि का समुचित उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल को और अधिक सफल बनाने के लिए इसमें कृषि के क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले नवाचारों एवं आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टफिशियल इंटेलिजेन्स आदि का भी उपयोग किया जाना चाहिए। डॉ. चंदेल ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसलों एवं उनके उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग पर ध्यान देना होगा। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली के क्षेत्र में किये जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. एन. रविशंकर, परियोजना समन्वयक, अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परियोजना (समन्वित कृषि प्रणाली), डॉ. सुनील कुमार, निदेशक, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, डॉ. पी.के. घोष, निदेशक, राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान, रायपुर तथा डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, संचालक अनुसंधान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम के दौरान समन्वित कृषि प्रणाली के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो किसानों नरसिंह राठौर, पिपरहटा, आरंग तथा निरंजन जांगडे, परसदा, आरंग को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समन्वित कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषि वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान समन्वित कृषि प्रणाली विषय पर प्रकाशित विभिन्न प्रकाशनों, वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख सस्य वैज्ञानिक एवं कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. आदिकांत प्रधान ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत को साकार करने जैसा: खेल मंत्री वर्मा



**रायपुर।** राजस्व एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वदेशी मेला के आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को साकार करने जैसा है। उन्होंने स्वदेशी मेले में राज्य सरकार की विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों तथा स्वदेशी उत्पाद के की बिक्री के लिए स्टालों का अवलोकन किया। गौरतलब है कि स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा राजधानी रायपुर के विज्ञान महाविद्यालय मैदान में 25 जनवरी से 31 जनवरी तक स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेले में स्वदेशी उत्पादों का विक्रय भी किया जा रहा है। मेला स्थल में प्रतिदिन विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। हजारों की संख्या में लोग परिवार के साथ प्रतिदिन यहां पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं।

## संपादकीय

### एक्शन में ईडी : विपक्षी गठबंधन छिन्न-भिन्न

देश के कई राज्यों में इस वक्त प्रवर्तन निदेशालय (एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट) ज़बरदस्त एक्शन में है। दिल्ली में हेमंत सोरेन के घर में सोमवार को दिनभर ED की टीम उनका इंतजार करती रही। हेमंत सोरेन एक चार्टर्ड विमान में दिल्ली आए थे और उन्हें शाम को उसी विमान से रांची लौटना था। लेकिन मुख्यमंत्री रहस्यपूर्ण तरीके से गायब हो गए। वह न रांची में थे, न दिल्ली में मिले। मुख्यमंत्री के कार्यालय से ईमेल करके श्वष्ठ को बताया गया कि मुख्यमंत्री 31 जनवरी को रांची में पूछताछ के लिए पेश होंगे। लेकिन मंगलवार को रांची में हेमंत सोरेन अचानक नज़र आए, और उन्होंने अपने विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और भाई बसन्त सोरेन मौजूद थे। उधर सोमवार को लालू यादव पटना में श्वष्ठ के दफ्तर पहुंचे। उनसे नौकरी के बदले ज़मीन घोटाले को लेकर तकरीबन 10 घंटे तक पूछताछ हुई। पूछताछ के समय लालू यादव को अन्दर भोजन और दवाएं भिजवाई गई, क्योंकि गुर्दा प्रत्यारोपण के बाद से उनका स्वास्थ्य अभी अच्छा नहीं चल रहा है। इधर दिल्ली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मानेसर ज़मीन सौदे को लेकर पूछताछ हुई। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिव सेना के विधायक और पूर्व मंत्री रविन्द्र वायकर से जमीन घोटाले में पूछताछ हुई। पंजाब में बीजेपी के पूर्व विधायक अरविन्द खन्ना को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में श्वष्ठ ने पूछताछ का समन भेजा है लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा रही हेमंत सोरेन के गायब होने की और लालू यादव के पेश होने की। हेमंत सोरेन की पार्टी ने इल्जाम लगाया है कि श्वष्ठ उन जमीनों के बारे में आरोप लगा रही है, सवाल पूछ रही है, जो जमीनें सरकारी हैं, बिक ही नहीं सकती।



### माइग्रेन पेन को दूर करने में योग है बेहद असरकार

अलका सिंह योग विशेषज्ञ

माइग्रेन एक ऐसी बीमारी है जिसमें असहनीय सिर दर्द होता है। आमतौर पर ये दर्द सिर के आधे हिस्से में होता है, लेकिन कभी-कभी ये सिर के पूरे हिस्से में भी फैल जाता है। माइग्रेन का दर्द किसी भी वक्त उठ सकता है जिसे बर्दाश्त कर पाना बड़ा मुश्किल है। अपने सिरदर्द को कभी इग्नोर न करें और ये जानने की कोशिश करें कि आपको कब माइग्रेन का दर्द उठता है। तेज गंध, डिहाइड्रेशन, एल्कोल का सेवन या बहुत ज्यादा स्ट्रेस की वजह से माइग्रेन का दर्द हो सकता है। कई बार मौसम बदलने या दूसरे कारणों से भी माइग्रेन का दर्द आपको घेर सकता है। माइग्रेन नाड़ीतंत्र की विकृति से उत्पन्न एक रोग है जिसमे बार बार सिर के अर्ध भाग में मध्यम से तीव्र सिरदर्द होता है। यह सिर किसी एक अर्ध भाग में होता है और दो घंटे से लेकर दो दिन की अवधि तक रहता है। माइग्रेन के आक्रमण के समय अक्सर रोगी प्रकाश और शोर के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो जाता है। इसके अन्य लक्षणों में उलटी होना, जी मिचलाना तथा शारीरिक गतिविधियों के साथ दर्द का बढ़ जाना शामिल है। यूनाइटेड किंगडम के एक न्यास के अनुसार केवल यूनाइटेड किंगडम में लगभग 80 लाख लोग इस रोग से ग्रस्त है। इनमे से लगभग 20 हजार लोगों को प्रति दिन माइग्रेन के दर्द का दौरा पड़ता है। यह भी माना जाता है कि माइग्रेन के रोगियों की संख्या अस्थमा, मिर्गी व मधुमेह के रोगियों की संयुक्त सख्या से अधिक है।

**इस रोग का उपचार कैसे किया जाये?**

अगर आप वर्षों से सिर के दो टुकड़े कर देने जैसे दर्द से ग्रस्त है या आपको हाल में ही माइग्रेन के रोग का पता चला है, तो इस दर्द से निजात पाने की दवाओं के अतिरिक्त और भी कई उपाय है। इसमें धमनियों व माँसपेशियों की शल्य चिकित्सा, ओसिपिटल नाड़ी का उद्दीपन, बोटोक्स, बीटा ब्लोकर्स तथा अवसादरोधी औषधियों के प्रयोग से माइग्रेन के दौरों को रोकने की चिकित्सा की जाती है। पर इन सभी उपचारों के कई घातक दुष्प्रभाव होते हैं। इन दुष्प्रभावों में हृदयाघात, निम्न रक्तचाप, नींद की कमी, जी मिचलाना इत्यादि प्रमुख है। तो क्या ऐसा कोई प्राकृतिक तरीका है जिससे हम शरीर को बिना कोई क्षति पहुंचाए इस रोग से मुक्त हो सकें?

÷हाँ है÷ इसका उत्तर योग है। योगासन माइग्रेन को दूर करने के लिए 7 योग एक प्राचीन स्वास्थ्य रक्षक विधा है जो विभिन्न शारीरिक मुद्राओं व श्वसन क्रियाओं के संगम से सम्पूर्ण स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करती है। योग से शरीर पर कोई अन्य दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। यहाँ उल्लेखित योगों के दैनिक व नियमित अभ्यास से आप माइग्रेन के अगले आक्रमण से निपटने व बचने के प्रभावी उपाय कर सकते हैं। **शिशु-आसन 7**

यह आसन मस्तिष्क को शांत करता है तथा इसके अभ्यास से व्यक्ति चिंता-मुक्त हो जाता है।

सेतुबन्धासन 7

यह आसन नाड़ी तन्त्र को शिथिल व शान्त करता है तथा प्रभावी रूप से पीड़ा को कम करता है।इस आसन से रक्त संचार बढ़ता है और या मन को शांत करता है।

हस्त-पादासन

सीधे खड़े होकर आगे की तरफ झुकने से हमारे नाड़ी तन्त्र में रक्त की आपूर्ति अधिक होती है जिससे वह प्रबल होता है। इससे मन भी अधिक शांत होता है।

**पश्चिमोतानासन**

बैठ कर दोनों पैरो को आगे की ओर फैला कर, हाथो को पैर की तरफ लेजाते हुए आगे की ओर झुकने से मस्तिष्क शांत होता है और तनाव दूर होता है. इस आसन से सिरदर्द में भी आराम मिलता है।

**यह निजी विचार है।**

# सशक्त भारत का आधार है कानूनों का सरलीकरण



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयन्ती एक अवसर है भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां पर मंथन करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। इस दृष्टि से यह अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी, और नया परिवेश देने वाला साबित हो रहा है। क्योंकि आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक कंटिली झाड़ियों में उलझी रही है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेज़ी से घेरती जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट की 75वं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जैसाकि खुद प्रधानमंत्री ने जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे। अनेक कानूनविद् यहां उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट की पहली बैठक 28 जनवरी, 1950 को हुई थी, देश की न्याय प्रणाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित होती है। इसी बात का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा काम है कि न्याय की पहुंच इस देश के हर कौने एवं हर नागरिक तक पहुंचे। इसी सोच के साथ ई-कोर्ट के तीसरे चरण को मंजूरी दी गई। पिछले साल केंद्रीय बजट में, सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी - जो कि 1,670 करोड़ रुपये के पिछले आवंटन से चार गुना अधिक है। मोदी सरकार भारत की न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये हरसंभव सहयोग दे रही है। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने में तत्पर है। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है। न्याय की सुलभता की ओर इशारा करते हुए मोदी ने पहले कही गई उस बात को दोहराया कि आदेश सरल भाषा में देने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू हो गया है और उम्मीद जताई कि देश की अन्य अदालतें भी इसका अनुसरण करेंगी। टेक्नोलॉजी के बढ़ते महत्व पर उन्होंने कहा, ÷न्याय की सुगमता में टेक्नोलॉजी किस प्रकार सहायक हो सकती है, यह आज इस कार्यक्रम से ही पता चल रहा है। मेरा संबोधन अभी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से अनुवादित किया जा रहा है और लोगों द्वारा सुना जा रहा है। शुरुआत में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन हम केवल कल्पना ही कर सकते हैं कि तकनीक कितने बड़े काम कर सकती है। इसी तरह, हमारी अदालतें हमारे नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट से अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण की दिशा में काम करना जरूरी है। सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का काम शुरू कर दिया है। निश्चित तौर पर एक मजबूत न्यायपालिका विकसित भारत की नींव के रूप में काम करेगी। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि जन विश्वास विधेयक न्यायपालिका पर अनावश्यक बोझ को कम करने के लिए उठाया गया कदम है। एक सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का एक हिस्सा है। सरकार एक भरोसेमंद न्याय व्यवस्था बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गई है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है।

'ईज ऑफ जस्टिस' से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गई। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाईकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं। वर्तमान में 10 लाख लोगों पर सिर्फ 18 न्यायाधीश ही है। ऐसे में किसी भी न्यायपालिका से समय पर न्याय देने की उम्मीद करना उचित नहीं हो सकता है। विधि आयोग की सिफारिश के अनुसार इन पदों की संख्या में वृद्धि किया जाना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाईकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक देश के सभी 25 हाईकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा न्यायाधीशों की संख्या 784 है यानी हाईकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं।

न्याय प्रणाली में आमूल-चूल-परिवर्तन, परिवर्द्धन जरूरी है और उसे अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा है। इसके लिये यह भी जरूरी है कि विशेष श्रेणी के मामलों के समाधान के लिये समय-सीमा तय की जानी चाहिये तथा लोक अदालतों और ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जानी चाहिये। इससे न केवल विचाराधीन मामलों की संख्या में आनुपातिक कमी आएगी बल्कि न्यायपालिका के मूल्यवान समय की बचत होगी। अधीनस्थ न्यायालयों के स्तर पर सर्वोत्तम उपलब्ध प्रतिभा को आकर्षित करने के लिये अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन किया जा सकता है। यह जजों की योग्यता व गुणवत्ता में सुधार करेगा। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के कुशलतापूर्वक उपयोग से न्यायिक डेटाबेस बनाया जा सकता है। अधिवक्ताओं के लिये आचार संहिता के अनुपालन को प्रभावी बनाया जाना चाहिये ताकि मामलों को जानबूझकर विलंबित न किया जा सके। उपर्युक्त सभी बातों को देखते हुए स्पष्ट है कि भारतीय न्याय तंत्र में विभिन्न स्तरों पर सुधार की दरकार है। यह सुधार न सिर्फ न्यायपलिका के बाहर से बल्कि न्यायपालिका के भीतर भी होने चाहिये। ताकि किसी भी प्रकार के नवाचार को लागू करने में न्यायपालिका की स्वायत्तता बाधा न बन सकें। न्यायिक व्यवस्था में न्याय देने में विलंब न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, अतः न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि दिखना भी चाहिये।

**यह निजी विचार है।**

# भाजपा के लिए क्यों जरूरी नीतीश

अजीत द्विवेदी

**बिहार में गठबंधन बदल का लगभग पूरी तरह से एकपक्षीय विश्लेषण किया जा रहा है। मीडिया में सिर्फ इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार बेहद अविश्वनीय नेता हैं और उनका कोई वैचारिक आधार नहीं है। उनके बरक्स लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव की राजनीति को बेहतर और परिपक्व बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश की राजनीति सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहने के लिए होती है। यह व्याख्या पिछले कुछ बरसों के राजनीतिक घटनाक्रम पर आधारित है और एक हद तक सही है। लेकिन इस एकपक्षीय व्याख्या से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती है।बिहार में जितनी बार गठबंधन में बदलाव होता है और नई सरकार बनती है उतनी बार नीतीश कुमार के साथ एक दूसरी पार्टी भी शामिल होती है। अगर नीतीश वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेईमान हैं तो उनके साथ सरकार बनाने वाली दूसरी पार्टियां कैसे ईमानदार और उनके मुकाबले बेहतर मानी जा सकती हैं? आज अगर राजद और कांग्रेस को छोड़ कर नीतीश ने भाजपा के साथ सरकार बनाई है तो इस पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण भाजपा की राजनीतिक मजबूरी के नजरिए से भी की जानी चाहिए।**



भाजपा को लग रहा था कि अगर 2024 की उसकी संभावनाओं को कहीं से नुकसान हो सकता है तो वह बिहार है और नुकसान पहुंचा सकने की हैसियत वाले नेता नीतीश कुमार हैं। इसलिए उसने राजद और जदयू के बीच के विवाद को भांप कर नीतीश के साथ फिर तालमेल के लिए कदम बढ़ाया।ध्यान रहे नीतीश कुमार की सत्ता को अभी तत्काल कोई चुनौती नहीं थी। यह सही है कि लालू प्रसाद और उनके कुनबे ने और साथ ही उनकी पार्टी ने कई तरह से नीतीश कुमार पर इस बात का दबाव बनाया था कि वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवा दें लेकिन अगर नीतीश नहीं बनवाते तो इस बात की संभावना शून्य थी कि राजद समर्थन वापस लेकर उनकी सरकार गिरा देती। सो, नीतीश की सत्ता के सामने चुनौती नहीं थी। यह अंदाजा भी सबको था कि राजद, जदयू, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों का महागठबंधन एकजुट रहा और साथ मिल कर चुनाव लड़ा तो बिहार में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। सी वोटर के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में बताया गया था कि राज्य की 40 में से आधी से ज्यादा लोकसभा सीटें महागठबंधन के खाते में जाएंगी। सोचें, पिछली बार जदयू के साथ होने से एनडीए को 39 सीटें मिली थीं।

राजद को शून्य और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। इस बार नीतीश के उधर जाने से चुनावी पलड़ा उनके पक्ष में झुक रहा था।भाजपा के एक और आंतरिक सर्वेक्षण की खबरें सामने आ रही हैं, जिसके मुताबिक बिहार में अत्यंत पिछड़ी जातियों का समर्थन नीतीश कुमार के प्रति कायम है। इसके अलावा गैर यादव पिछड़ी जातियों का भी बड़ा हिस्सा नीतीश के साथ है। बिहार में हुई जाति गणना और उस आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने से पिछड़े और अति पिछड़े मतदाताओं में नीतीश की साख और बेहतर होने की खबर है तो लाखों की संख्या में शिक्षकों की बहाली का श्रेय भी नीतीश को मिल रहा है। तभी भाजपा लोकसभा चुनाव की संभावनाओं को लेकर चिंता में आई। दूसरे, नीतीश विपक्षी गठबंधन इंडिया' के भीतर सबसे प्रमुख चेहरों में से एक थे और उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया था। तभी भाजपा को लग रहा था कि अगर नीतीश फिर से उसके साथ आते हैं तो एक तीर से दो शिकार होगा। पहले तो विपक्षी गठबंधन इंडिया' का अभियान पंक्चर होगा और वह भी तब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार पहुंचने वाली है और दूसरे, बिहार में भाजपा का रेनबो समीकरण बहुत मजबूत हो जाएगा। ध्यान रहे भाजपा के साथ चिराग पासवान और जीतन राम मांझी पहले से हैं। यानी दलित और महादलित दोनों के सबसे महत्वपूर्ण नेता भाजपा के साथ हैं।

दलित और महादलित के अलावा नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ी जातियां मतलब कोईरी, कुर्मी और धानुक का आठ फीसदी वोट पूरी तरह से भाजपा के साथ आएगा और साथ ही अति पिछड़ी जातियां पूरी तरह से भाजपा गठबंधन के साथ एकजुट होंगी। नीतीश ने लालू प्रसाद के खिलाफ अपनी राजनीति लव-कुश समीकरण से शुरू की थी, जिसमें कुशवाहा नेता के तौर पर शकुनी चौधरी उनके साथ थे। अब शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को भाजपा ने नीतीश की सरकार में उप मुख्यमंत्री बनवाया है। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। खुद नीतीश कुर्मी और धानुक पर पूरा असर रखते हैं। उनके साथ आने से पिछड़ी जाति के 27 फीसदी वोट में 14 फीसदी यादव छोड़ कर बाकी वोट एनडीए के साथ एकजुट हो सकता है। जाति गणना के मुताबिक बिहार में 36 फीसदी अति पिछड़ी जातियां हैं, जिनमें आठ फीसदी के करीब मुस्लिम हैं। भाजपा की वजह से उसे अलग भी कर दें तो बचे हुए 28 फीसदी वोट में एनडीए को चुनौती नहीं रह जाएगी। सीएसडीएस के सर्वेक्षण के मुताबिक 2014 में जब भाजपा अकेले लड़ी थी तब 52 फीसदी अति पिछड़ा वोट उसको मिला था और 2019 में जदयू के साथ लड़ी तो 75 फीसदी अति पिछड़ा वोट एनडीए को मिला। इस तरह नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ा वोट का बड़ा हिस्सा और अति पिछड़ा वोट का लगभग समूचा हिस्सा एनडीए की ओर जा सकता है। भाजपा ने अगड़ी जाति के विजय सिन्हा को दूसरा उप मुख्यमंत्री बना कर अपने उस कोर वोट को भी स्पष्ट मैसेज दिया है।अगर राजनीति का मकसद सत्ता हासिल करना है तो उस नजरिए से ही बिहार के घटनाक्रम की व्याख्या होनी चाहिए।

यह सिर्फ नीतीश के सत्ता मोह की बात नहीं है, यह समान रूप से लालू प्रसाद के परिवार और नरेंद्र मोदी के भी सत्ता मोह की बात है। नीतीश पर निशाना साधने से पहले इस पहलू से भी देखने की जरुरत है। सोचें, नीतीश ने 1994 से लालू विरोध की राजनीति शुरू की और उनके व उनकी पत्नी के शासन को जंगल राज बता कर लड़ाई लड़ी। तभी दो दशक से ज्यादा की लड़ाई के बाद जब नीतीश ने 2015 में राजद से तालमेल किया तो क्या अवसरवादी सिर्फ नीतीश हुए? या लालू प्रसाद भी उतने ही अवसरवादी माने जाएंगे? फिर नीतीश ने 2017 में राजद को छोड़ दिया और भाजपा में चले गए तो लालू और उनके परिवार ने नीतीश को पलटू' की संज्ञा दी और उनके बारे अनान-शनाप बातें कहीं। लेकिन फिर अगस्त 2022 में नीतीश वापस राजद के साथ आए तो लालू का पूरा परिवार फिर उनके चरणों में था! यही कहानी दूसरी तरफ की भी है। नीतीश ने 2013 में भाजपा को छोड़ा, फिर 2017 में साथ लौटे, फिर 2022 में छोड़ा और अब 2024 में वापस लौटे हैं। हर बार साथ छोडने पर भाजपा नेताओं ने उनकी आलोचना की और साथ आने पर महान बताया। तो इससे भाजपा का भी चरित्र सामने आता है। कह सकते हैं कि नीतीश ने राजद और भाजपा दोनों के चरित्र को एक नहीं कई बार उजागर किया है।एक और अहम बात यह है कि बिहार में जो कुछ भी हो रहा है या नीतीश कुमार जो कुछ भी कर रहे हैं वह असल में भारतीय राजनीति का चरित्र है। भारत की राजनीति सिर्फ और सिर्फ सत्ता के लिए है। उसमें विचारधारा या नैतिकता का कोई मतलब नहीं होता है। नीतीश ज्यादा निशाने पर इसलिए हैं क्योंकि दिल्ली में प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में बिहार के पत्रकारों की बहुतायत है और वे अपने राज्य की घटनाओं को देश की घटना बता कर बहुत ज्यादा प्रचारित करते हैं। अन्यथा जो बिहार में हुआ है वह पूरे देश की कहानी है। हाल में एचडी देवगौड़ा ने भाजपा से तालमेल किया है। सोचें, वे कितनी बार भाजपा और कांग्रेस से तालमेल कर चुके हैं? पांच साल पहले ही उनके बेटे एचडी कुमारस्वामी कांग्रेस की मदद से मुख्यमंत्री बने थे और भाजपा ने उनकी सरकार गिराई थी। लेकिन अब वे भाजपा के साथ हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश की कोई पार्टी नहीं बची है, जिसके साथ मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने तालमेल नहीं किया है। डीएमके और अन्ना डीएमके दशकों से कांग्रेस और भाजपा से गठबंधन की अदला-बदली करते रहे हैं। इसलिए बिहार को इनसे अलग करके देखने की जरुरत नहीं है। **यह निजी विचार है।**

## खास - खबर

### मम्प्स या गल्वा माता के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम

**दुर्ग।** मम्प्स या गल्वा माता के मरीज इन दिनों काफी देखने को मिल रहें हैं। इसको ध्यान में रखते हुए 28 जनवरी 2024 को जिला चिकित्सालय दुर्ग में आम जनता के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. साहू के अनुसार कार्यशाला में जिला चिकित्सालय के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश कान्त मल्होत्रा, डॉ. सीमा जैन, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. वाय किरण तथा संजीवनी गर्ल्स होस्टल की लड़कियां व वार्डन रितू बोरकर सम्मिलित हुए। मम्प्स या गल्वा माता के बारे में बताया गया कि यह एक वायरल डिसिस् है, जो पेरामिक्सौ वायरस् से फैलता है। इस बीमारी में चेहरे के दोनों या एक तरफ पेरोटिड व अन्य लार ग्रंथियों में सूजन, दर्द होता है, बुखार, सिर दर्द, हाथ पांव में दर्द, सुस्ती लगना, खाने की इच्छा न होना आदि लक्षण हैं। यह खांसने से, छींकने से हवा द्वारा दूसरे बच्चों में फैलता है। बुखार तेज होने पर, अधिक सर दर्द, पेट दर्द, चक्कर आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी है। बुखार व दर्द के लिए पैरासिटामोल लेना है, अधिक से अधिक आराम करना है, सूजन व दर्द ज्यादा होने पर हल्की सिकाई कर सकते हैं। यह तकलीफ बड़ों में भी देखने को मिल रही है। इस बीमारी के मुख्य जटिलताएं पुरुष व महिलाओं के अण्डकोष में सूजन व दर्द, मस्तिष्क ज्वर, मेनिनजाइटिस, पैनक्रिटाइटिस आदि है। इस बीमारी के समय बच्चों को स्कूल न भेजें। बच्चों को भीड़-भाड़ वाली जगह में न ले जायें। मास्क का उपयोग करें।

### जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत करने के तत्काल बाद सुखित को मिला ट्रायसाईकल

**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम अरविंद कुमार एक्का ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए पत्र प्रेषित किया। जनदर्शन में विभिन्न प्रकार के 145 आवेदन प्राप्त हुए। आज के जनदर्शन में आस्था वृद्धा आश्रम के दिव्यांग सुखित राम ने ट्रायसायकल दिलाने हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया। सुखित के आवेदन पर विचार कर एडीएम श्री एक्का ने समाज कल्याण विभाग को तत्काल ट्रायसाईकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एडीएम के निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा सुखित राम को नया ट्रायसाईकल दिया गया। मौके पर एडीएम श्री एक्का ने अपने कर कमलों से सुखीत राम को ट्रायसाईकल प्रदान किया। ट्रायसाईकल मिलने से खुश होकर सुखित राम ने बताया कि आज से 10 वर्ष पूर्व मुझे चलने के लिए ट्रायसाईकल मिली थी। आज ट्रायसाईकल की हालत इतनी खराब है कि उसे बनाने में असमर्थ रहा। आज मैंने ट्रायसाईकल के लिए दुबारा आवेदन किया जिस पर शासन-प्रशासन ने मेरी बहुत बड़ी समस्या का समाधान कर चलने का सहारा प्रदान किया है। इसके लिए शासन-प्रशासन को तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। जनदर्शन में सेलूद निवासी ने अपने घर के ऊपर से बिजली के तार हटाने के संबंध में अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि पहले उनका मकान कच्ची था। वहां पर अब पीएम योजनांतर्गत पक्का मकान बना लिया गया है। इस संबंध में उन्होंने विद्युत विभाग को बिजली लाईन हटाने आवेदन भी कर चुका है। इससे दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बनी रहती है एडीएम ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीएसएल को छत ऊपर से बिजली लाईन हटाने, आवश्यक पहल करने कहा है।

# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक ने किया इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का उद्घाटन




**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित एकीकृत पेरीमीटर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन, 29 जनवरी 2024 को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक श्रीमती नीना सिंह द्वारा, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया।

इस अवसर पर महानिरीक्षक (मध्य खंड, सीआईएसएफ) संजय प्रकाश, उपमहानिरीक्षक (सीआईएसएफ) श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट अभिजीत कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, महाप्रबंधक रविशंकर, महाप्रबंधक एम पी सिंह एवं सीआईएसएफके अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीमती नीना सिंह ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि मैंने इस तरह की सुरक्षा प्रणाली अब तक एयरपोर्ट में देखा है। सीआईएसएफ तकनीकों के साथ कार्य करने वाली सुरक्षा बल है। इस परियोजना पर बीएसपी सीआईएसएफइकाई ने जो कार्य किया है, इस पर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। इस परियोजना के कार्यान्वयन से निश्चित ही हमें बहुत लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इसके लिए इस परियोजना में कार्य कर रही पूरी टीम को बधाई दी। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा, वास्तव में इतना विशाल संयंत्र परिसर होने के कारण सभी अनाधिकृत प्रवेश व गतिविधियों को रोकना व्यावहारिक रूप से एक कठिन कार्य है। ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी को शामिल करना शायद सबसे अच्छा तरीका है। प्रौद्योगिकी कुशल कार्य को स्मार्ट तरीके से करना सुनिश्चित करती है जो न केवल हमारे उपकरणों, बल्कि हमारे कर्मियों की सुरक्षा से भी संबंधित है।

निश्चित ही सभी संबद्ध विभाग और एजेंसियां, परिधि और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में भी काम करेंगी और समय के साथ इसे और विस्तारित करने के लिए समय-समय पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रौद्योगिकी या ड्रोन का भी उपयोग करके प्रणाली को उन्नत किया जायेगा। यह इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के बीएसपी इकाई हेतु स्थापित किया गया है। इसके कार्यान्वयन से संयंत्र के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में निरीक्षण और कड़ी निगरानी एक ही स्थान से की जा सकेगी। इससे, संयंत्र की परिधि, शॉप्स, वैगन-प्रवेश द्वारों सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी से सामग्री की चोरी के लिए अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश व अनुचित हस्तक्षेप को रोकने तथा संयंत्र की संपत्ति की रक्षा आदि अनेक लाभ प्राप्त होंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में उपमहानिरीक्षक श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा उपकमांडेंट (सीआईएसएफ) निधि सिंह ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की विस्तृत एवं तकनीकी जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सीआईएसएफ कमांडेंट अभिजीत कुमार द्वारा दिया गया।

## मानव संसाधन विकास विभाग में शक्ति आन्या कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग ने, महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष शक्ति आन्या कार्यक्रम के तहत, विगत दिनों दो दिवसीय सत्र का आयोजन किया था। यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र की महिला कर्मचारियों को अपने करियर के बारे में सोचने तथा उच्च पद तक पहुंचने के लिए प्रशिक्षित करने पर केंद्रित था।

यह ट्रान्सफरमेटिव कार्यक्रम, जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं का उन्हें सशक्त बनाने और उसका आनंद लेने हेतु एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करता है। इस कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और मुख्य महाप्रबंधक (एसपी) श्री अनुप कुमार दत्त विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने इसके प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम मिलकर महिलाओं को बाधाओं से निपटने, उन्हें सशक्त बनाने और एक ऐसा भविष्य निर्मित करने के लिए प्रेरित और समर्थन कर सकते हैं, जहां हर महिला अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सके। इस सत्र का आयोजन पांच महिला अधिकारियों उपमहाप्रबंधक शबनम श्वेता, सहायक महाप्रबंधक ललिता, सहायक महाप्रबंधक स्मिता जैन, सहायक महाप्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट सेल) सुश्री कोमल मेहरा और सहायक महाप्रबंधक (इन्कॉस) सुश्री नीरजा शर्मा द्वारा किया गया था। जिन्हें सेल स्तर पर आन्या कार्यक्रम के तहत चुना गया और इसके लिए प्रशिक्षित किया गया। सेल प्रबंधन द्वारा इस विशेष कार्यक्रम के लिए केवल 27 महिला अधिकारियों का चयन किया गया था, जिसमें बीएसपी की तरफ से ये पांच महिला अधिकारी इस अभिनव कार्यक्रम का हिस्सा थीं।

इस फोरम की शुरुआत महिलाओं को उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करने, शिक्षित करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी। उल्लेखनीय है कि संयंत्र का मानव संसाधन विकास विभाग 'शक्ति' के तहत पूरे वर्ष महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न विशेष कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। मानव संसाधन विकास विभाग, सदा ही सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण की शक्ति में विश्वास करता है। मानव संसाधन विकास विभाग ने, इसी आन्या पहल की अवधारणा के तहत, कार्मिकों को भी प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है।

यह दो दिवसीय सत्र, कार्य और जीवन के संतुलन, नेतृत्व कौशल, संचार कौशल, टीम वर्क एवं उन छोटी-छोटी आदतों पर केंद्रित था, जो कार्यभार को प्रबंधित करने में मदद करती हैं। जानकारीपूर्ण और समृद्ध सत्र का सारांश, अमूल्य प्रियदर्शी, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी) द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही इन्होंने कार्यक्रम का धन्यवाद प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन उप प्रबंधक (एचआरडी) सुश्री सुष्मिता पाटला ने किया।

## भारत आदि सनातन धर्म विश्व का मानचित्र था: ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में सोवियत रूस से आई ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी जी ने भारत दैवीय भूमि की महिमा के बारे में बताते हुए कहा की भारत आदि सनातन धर्म विश्व का मानचित्र था , वही ईश्वर का कुटुंब था भारत ही विश्व था। रूस में राजयोग सीखने के बाद सब की भावना बदल जाती है,वह भी स्वयं को कहते हैं कि हम भी भारतवासी हैं। आपने सत्यम शिवम सुंदरम का अर्थ बताते हुए कहा कि भारत में इसका गायन है लेकिन राजयोग के माध्यम से इसे हमने जिया है, जाना है परमात्मा को। स्नेह की मन की तार जो परमधाम में परमात्मा तक पहुंचे,अनुभव करे परमात्मा से हसीन कोई नहीं है। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें रूस के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना जो कि वर्तमान में पूरे विश्व को पटरियों के माध्यम से जोड़ने का कार्य कर रहा है, साथ ही साथ भिलाई मिनी इंडिया दिलों को जोड़ने का भी कार्य कर रहा है। जोन की निदेशिका हेमलता दीदी तथा भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी जी का स्वागत किया।

## निगम क्षेत्र में पानी टंकी का होगा निर्माण



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर परिषद में चार नग उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य के लिए दर की स्वीकृति प्रदान किया है। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में आहूत किया गया। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में होने वाले पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 4 नग उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किये जाने हेतु निविदा में प्राप्त दर की स्वीकृति महापौर परिषद में प्रदान की है।

भिलाई निगम के खुर्सीपार में 1500 कि.ली, सुपेला क्षेत्र में 1500 कि.ली, वैशाली नगर में 2000 कि.ली एवं केम्प-2 के क्षेत्रो में 3000 कि.ली. क्षमता का उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। उक्त टंकी के निर्माण हो जाने से भिलाई के सभी क्षेत्रो में पेयजल की समस्या का स्थायी निदान हो सकेगा। जिन क्षेत्रो में कम फोर्स के साथ पानी प्राप्त हो रहे है, उसका भी समाधान होगा।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त, विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 29 जनवरी 2024 को कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक समीर रायचैधरी उपस्थित थे। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक दवारा बेहतर कार्यशैली के लिए षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में अक्टूबर 2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर मार्क डिसूजा व ओसीटी दुष्यंत कुमार ठाकुर को एवं नवंबर 2023 के लिए मास्टर तकनीशियन कार्तिक कुमार व मास्टर तकनीशियन मनोज कुमार शर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

समीर रायचैधरी ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया।

इस समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के अनुभाग प्रमुख व महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बी पासवान, महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक डी के सामंतरे, महाप्रबंधक ए आर साहू, महाप्रबंधक के एस ठाकुर, महाप्रबंधक पी शशिकांत, सहायक महाप्रबंधक जी प्रदीप कुमार, सहायक महाप्रबंधक एस एस साहू, सहायक महाप्रबंधक ए मजूमदार तथा वरिष्ठ प्रबंधक एस डेनियल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी सुश्री एम तन्मई द्वारा द्वारा किया गया।

## प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन की छात्र-छात्राओं से परीक्षा पर चर्चा स्कूली बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा दिलाने दिए टिप्स



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। चर्चा के इस सातवें संस्करण का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई दुर्ग में किया गया। इस मौके पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

परीक्षा पर चर्चा 2024 के दौरान ऑनलाइन जुड़कर छात्राएं, शिक्षक और अभिभावकों ने प्रधानमंत्री से तनावमुक्त परीक्षा दिलाने संबंधी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा दिलाने के टिप्स दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्ट्रेस या तनाव एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें हमें किसी भी परिस्थिति से निपटने या फिर निर्णय लेने में कठिनाई होती है। तनाव को सहने के लिए हमे सामर्थ्यवान बनना होगा। हमें यह मानके चलना चाहिए कि हमें परिस्थिति के अनुसार अपने आप को ढालना है। परिवार, शिक्षक और अभिभावकों में थोड़ा लचीलापन पैदा करना होगा और उन्हें तनाव से निपटने में मदद करना होगा। बच्चों को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, किंतु स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। बच्चों को कभी भी दूसरे बच्चों के प्रति ईर्ष्याभाव नही लाना चाहिए। यदि एक बच्चा किसी एक विषय में कमजोर है और वहीं दूसरा बच्चा उस विषय में अच्छा है तो दोनों एक दूसरे की सहायता करके अधिक सामर्थ्यवान बन सकते हैं। हमेशा सीखने का प्रयास करते रहना चाहिए।

छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाएं। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। जब बच्चों से उनके सिलेबस से निकलकर नाता जोड़ेंगे तो परीक्षा में तनाव की स्थिति नही होगी। बच्चे आप से परीक्षा से संबंधित परेशानियों को खुल के रखेंगे। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। अपने सभी कार्यों और अध्ययन में प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रयास करें।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 143वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक संपन्न

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 143वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक दिनांक 29 जनवरी 2024 को कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य के रूप में समस्त कार्यपालक निदेशकगण तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुखगण ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एवं कार्यकारी अध्यक्ष पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी को हमारे संविधान में राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, हिंदी हमारे हृदय की भाषा है। अतः हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं, वरन यह हमारे देश की प्रमुख, सर्वप्रिय एवं राष्ट्रव्यापी भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी में कार्यव्यवहार करना ना केवल हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, वरन यह हमारे संयंत्र के समग्र निष्पादन में भी अत्यंत सहायक है। हमारा हर कार्मिक चाहे अधिकारी हो अथवा कर्मचारी हिंदी समझता है। हिंदी में कार्य करने से आत्मीयता बढ़ती है और अपनेपन की भावना आती है। अतः हमें अपना संपूर्ण वार्तालाप और सभी कार्य हिंदी में ही करना चाहिए। इस अवसर पर पवन कुमार ने राजभाषा विभाग की 'वार्षिक कार्य योजना' का विमोचन किया तथा विभाग प्रमुखगण का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष भर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं एवं हिंदी के आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए हम अपने सभी साथियों को प्रेरित करें ताकि हिंदी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हो। बैठक में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने राजभाषा विभाग की गृह पत्रिका 'भिलाई भाषा भारती' के 'मेरी माटी-मेरा देश' विशेषांक का भी विमोचन किया। पत्रिका 'भिलाई भाषा भारती' में भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कार्मिकों द्वारा राष्ट्रप्रेम एवं हिंदी पर केन्द्रित स्वलिखित, मौलिक रचनाओं का समावेश किया गया है। पवन कुमार ने कहा कि पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं से पाठकों के हृदय में राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण एवं आदर की भावना सुदृढ़ होगी।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# 10 से 12 फरवरी को होगा जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव

### कलेक्टर ने जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

### 10 से 12 फ रवरी को होगा जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला आयोजन, गरिमामय रूप से करने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 के सफल आयोजन के लिए गठित समिति के सदस्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्व अनुसार समीक्षा करते हुए महोत्सव का गरिमामय आयोजन कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सभी सदस्यों से कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सुझाव मांगे। उल्लेखनीय है कि जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 का आयोजन 10, 11 और 12 फरवरी को हाईस्कूल मैदान जांजगीर में किया जाएगा। इस अवसर पर जांजगीर विधायक श्री व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, नगर पालिका अध्यक्ष श्री भगवान दास गढेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल, श्री देवेश सिंह, श्री अमर सुलतानिया, श्री परस शर्मा, श्री विजय राठौर, अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आर. के. खुंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, एसडीएम जांजगीर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने उद्घाटन कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्किंग व्यवस्था, स्थानीय कलाकारों तथा कवि सम्मेलन के कार्यक्रम, मंच, टेन्ट, स्टॉल, साफ सफाई, पेयजल, कानून व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, ट्रैफिक, स्वास्थ्य व्यवस्था, स्मारिका, ब्रोशर, आमंत्रण पत्र, अग्निशमन आदि अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जाज्वल्यदेव महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला में सभी विभागों को जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने, कृषक संगोष्ठी, विभिन्न गतिविधियां सहित कृषि से संबंधित अन्य आयोजन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।



## श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त जी



**संवाददाता।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ, तिल्दा के कोहका रोड में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यास पीठ पर विराजित आचार्य जी का शाल श्रीफल से सम्मान किया आचार्य जी ने भी उनका अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, आयोजन समिति की ओर से राजेश्री महन्त जी महाराज का बड़े ही आत्मिता पूर्वक स्वागत किया गया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान किया। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री राम शिरोमणि दास जी महाराज, लव कुश दास जी महाराज एवं प्रयागराज, चित्रकूट, छतरपुर एवं जबलपुर के आश्रम से आए हुए संत महात्म गण सहित मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित थे।

## जिला रोजगार कार्यालय में 2 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा** / जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 2 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक नव किसान बायो प्लांटेक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु केवल पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 9000 से 15000 रुपए निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक का कार्यक्षेत्र जॉजगीर चांपा, बलौदा एवं बिलासपुर रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## जिले की शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक चयन –

**जांजगीर-चांपा** – जुडो कराटे, ताईक्वांडो, किंक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों से 05 फरवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित / राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023-24 में जांजगीर-चांपा, सक्ती जिले की शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु पूर्ण विवरण सहित इच्छुक व योग्यताधारी प्रशिक्षकों से पूर्व में 11 सितम्बर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जाजंगीर-चांपा जिले की शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु प्राप्त उक्त आवेदनों पर अपरिहार्य कारणों से विचार नहीं किया जा सका। अतः जांजगीर-चांपा जिले के 395 माध्यमिक एवं 161 सेकेण्डरी स्तर के कुल 556 शासकीय शालाओं में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जुडो कराटे, ताईक्वांडो, किंक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों से 05 फरवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक प्रशिक्षक, खिलाड़ी, मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाण पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र-अ में स्वयं अथवा उचित माध्यम से कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जिला जांजगीर-चांपा में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पूर्व में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

### जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 –

**जाज्वल्या स्मारिका हेतु रचना तथा लोक प्रस्तुतियों के लिए स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित**

**जांजगीर-चांपा** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 का जिला मुख्यालय जांजगीर में 10, 11 एवं 12 फरवरी 2024 तक आयोजित है। इस अवसर पर जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 हेतु प्रकाशित होने वाले जाज्वल्या स्मारिका के लिए लेख, रचनाएँ, कविता, कहानी प्रकाशन हेतु इच्छुक रचनाकारों से उनकी मौलिक रचनाएं प्रकाशन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आयोजन में स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु परिचय सहित आवेदन के साथ फोटो एवं मय सी.डी. सहित 05 फरवरी 2024 तक कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के कक्ष क्रमांक 19 (जाज्वल्यदेव महोत्सव शाखा) में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

## कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



**रायपुर /क**लेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के राजस्व अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया जा रहा है। आज मंगलवार को तहसीलदार श्री प्रवीण परमार ने भाटागांव धान खरीदी केन्द्र नायब तहसीलदार श्री अमन चतुर्वेदी धान खरीदी केन्द्र दोंदेकला, नायब तहसीलदार श्रीमती मणिमुक्ता पाटिल धान खरीदी केन्द्र जोरा, अतिरिक्त तहसीलदार राजकुमार साहू धान खरीदी केन्द्र तुलसी, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी धान खरीदी केन्द्र दतरेंगा, नायब तहसीलदार विक्रांत राठौर, धान खरीदी केन्द्र माना, तहसीलदार बी.एल. कुर्रे धान खरीदी केन्द्र टेकारी, नायाब तहसीलदार श्री वशुमित्र दीवान धान खरीदी केन्द्र गोबरा नवापारा, प्रभारी तहसीलदार सुरेश बंछोर चांपाझर धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया।

## स्मार्ट रीडिंग रूम की सदस्यता के लिए 01 फरवरी से प्रारंभ होगी आवेदन प्रक्रिया

### जल्द प्रारंभ होगा स्मार्ट सिटी द्वारा मोतीबाग के पास बनाया जा रहा स्मार्ट रीडिंग रूम

**रायपुर संवाददाता।**

कलेक्टर एवं नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी के सह अध्यक्ष डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मोतीबाग में निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रूम की सदस्यता के लिए आवेदन प्रक्रिया 01 फरवरी 2024 से प्रारंभ की जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि जो युवा स्मार्ट रीडिंग रूम मोतीबाग में सदस्य बनना चाहते हैं वे नालंदा परिसर लाइब्रेरी एवं सेन्ट्रल लाइब्रेरी रायपुर से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि मोतीबाग में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट रीडिंग रूम बनाया जा रहा है। जो युवाओं के लिये



जल्द ही प्रारंभ होगा। यह लाइब्रेरी भी नालंदा परिसर लाईब्रेरी की तरह 24×7 संचालित होगी। जी प्लस टू में निर्माणाधीन इस लाईब्रेरी में 600 युवाओं के लिये एक साथ बैठने की व्यवस्था है। पूर्णतः वातानुकूलित इस लाइब्रेरी में कम्प्यूटर सिस्टम, प्रतियोगी परीक्षा संबंधी किताबें, फ्री-वाई.फाई के साथ-साथ अत्याधुनिक सिक्योरिटी सिस्टम सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। बैठक में नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



## शहीद दिवस पर अमर सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

### कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**जांजगीर-चांपा संवाददाता।**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में आज कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की उपस्थिति में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत, डिप्टी कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा पांडेय सहित कलेक्टोरट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



**लोकशक्ति। विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में पाया गया कि नियमित रूप से धान खरीदी की जा रही है। साथ ही उन्होंने बारदानों की उपलब्धता, लिमिट की जानकारी ली। राजस्व अधिकारियों द्वारा केन्द्र में व्यवस्थाओं संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।**

## खास खबर

### एनआईटी रायपुर में पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का किया गया लाइव वेबकास्ट

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में दिनांक 29 जनवरी को सुबह 11 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट संस्थान के ई-हॉल में प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रोफेसरों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस वर्ष 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का 7वां संस्करण आयोजित किया गया था। 'परीक्षा पे चर्चा' देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें वे स्कूल और कॉलेज के छात्रों, उनके अभिभावकों, और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के समय छात्रों में होने वाले तनाव, परीक्षा की तैयारी के तरीके, समय प्रबंधन, और अध्ययन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान छात्रों को प्रेरित करने वाले टिप्स और सुझाव दिए ताकि वे परीक्षा के दबाव को बेहतर तरीके से संभाल सकें और अपने भविष्य को सुधार सकें। उन्होंने छात्रों को लिख कर याद करने की आदत बनाने और स्वस्पर्धा करने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपने बच्चों के बीच कभी भी प्रतिस्पर्धा के बीज न बोने का आग्रह किया।

### पीपीईएस कार्य से संबंधित कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए 29 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे से एवं 12:00 बजे से दो पालियों में पीपीईएस डाटा एन्ट्री कार्य से संबंधित कर्मचारी का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें सहायक प्रोग्रामर उमेश कुमार आयाम जिला निर्वाचन कार्यालय सूरजपुर द्वारा यह बताया गया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अन्तर्गत आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 सम्पन्न कराया जाना है जिसे दृष्टिगत रखते हुए मतदान दल से संबंधित कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जाना है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए मतदान दल से संबंधित कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जाना है। विगत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में कर्मचारियों के तैयार डाटाबेस की जानकारी को अद्यतन करने एवं यदि पूर्व डाटा एन्ट्री में त्रुटि हुई है तो उसे सुधार करने तथा स्थानान्तरित एवं नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी की जानकारी पीपीईएस वर्जन 3.7 में 07 फरवरी तक सुधार अपडेशन पूर्ण किया जाना है। इस वर्जन में केवल नव नियुक्त एवं स्थानान्तरण पश्चात जिले में आए अधिकारी, कर्मचारियों की एंट्री की जानी है एवं जिले से स्थानान्तरित कर्मचारियों की एंट्री हटाई जानी है। अन्य प्रविष्टियां पूर्वानुसार सुरक्षित रहेगी।

# महतारी वंदन योजना पर छत्तीसगढ़ सरकार शीघ्र फैसला करेगी : उपमुख्यमंत्री शर्मा

संवाददाता।

**रायपुर। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिला के ग्राम केजादाह में आयोजित छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े मेला-मड़ई कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की और प्रदेश की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।**



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के कार्यक्रम में पहुंचने पर छत्तीसगढ़ के लोक पारंपरिक वेशभूषा में तैयार यादव समाज के नर्तक दलों द्वारा वाद्य यंत्रों के मधुर धुन से आत्मीय स्वागत किया गया। श्री शर्मा ने क्षेत्रवासियों को मड़ई-मेला के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी तथा क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने बड़ौदा कला में सर्वसमाज के सामुदायिक भवन एवं मंच के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम सिंगारपुर मे सीसी सड़क के लिए 5 लाख रुपए तथा ग्राम सोनपुर में सीसी सड़क के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने ग्रामीणों की सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का विश्वास दिलाया। उन्होने साहू, यादव समाज और क्षेत्र के विकास के लिए सौपे गए सभी मांग पत्रों पर कहा कि क्षेत्र विकास के लिए मेरा प्रयास निरन्तर जारी रहेगा।

उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि मेला मड़ई गांव की पारंपरिक संस्कृति से जुड़ा हुआ है। गांव की सुख समृद्धि और एकजुटता के लिए इसका आयोजन किया जाता है। मेला मंड़ई कार्यक्रम पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा है। जिसे समाज द्वारा अभी भी जीवंत रखा गया है। इस पारंपरिक संस्कृति को सहेज के रखते हुए आगे बढ़ाना है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की राशि जल्द ही किसानों के खाते में पहुंच जाएगी। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए बजट में प्रावधान कर लिया गया है। प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए की राशि माताओं के खाते में डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमिहीन मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि सभी वादो को मोदी की गारंटी में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक छत्तीसगढ़ की सरकार ने मोदी की गारंटी में शामिल दस बड़े गारंटी को पूरा किया है। इस अवसर पर कैलाश, ईश्वरी साहू, मनीराम साहू, संतोष मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शक्कर कारखाना का उत्पादन बढ़ाने गन्ना उत्पादक कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा जरूरी मदद: कलेक्टर

संवाददाता।

**बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शक्कर कारखाना करकाभाट में उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ बालोद जिले में गन्ना उत्पादन हेतु अनुकूल भूमि एवं जलवायु होने के कारण गन्ना की पैदावार की भी बहुत अच्छी संभावनाएं है। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के करकाभाट शक्कर कारखाने में समुचित उत्पादन हो सके इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के गन्ना उत्पादक कृषकों को जरूरी मदद उपलब्ध कराए जाएंगे।**



श्री चन्द्रवाल 26 जनवरी को दंतेश्वरी मैय्या शक्कर कारखाना करकाभाट परिसर में आयोजित गन्ना उत्पादक कृषक संगोष्ठी के अवसर पर अपना उदगार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने किसानों की मांग पर किसानों को गन्ना के उत्पादन हेतु समुचित मात्रा में पानी एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा उन्होंने गर्मी के दिनों में गन्ना फसल के लिए विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न न हो इसके लिए निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की भी बात कही। संगोष्ठी में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि किसानों की मांग पर खेत से शक्कर कारखाना करकाभाट तक गन्ने की परिवहन हेतु किसानों को मदद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही किसानों की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए गन्ने की खेती के अंतर्गत भूमि सुधार के कार्य तथा गन्ना कटाई के कार्य के अलावा गन्ने के समुचित उत्पादन हेतु पड़त भूमि की सुधार हेतु मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत कराने पर विचार करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने गन्ना किसानों को अस्थाई विद्युत कनेक्शन को स्थायी कराने का आश्वासन भी दिया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि बालोद जिले में गन्ने का पैदावार पर्याप्त मात्रा में होने पर दंतेश्वरी मैय्या शक्कर कारखाना में एथेनॉल प्लांट लगाने पर भी विचार किया जाएगा। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने गन्ना कृषकों को उनके बिजली एवं पानी से संबंधित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु 30 से 40 कृषकों को सामुहिक रूप से आवेदन प्रस्तुत करने का सुझाव भी दिया। संगोष्ठी में कलेक्टर चन्द्रवाल ने उपस्थित कृषकों से जिले में गन्ने के पैदावार को बढ़ाने एवं उनकी मांगों एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. निलेश वर्मा एवं उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे ने बालोद जिले में गन्ना के पैदावार को बढ़ाने के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक श्री राठिया ने बालोद जिले के जलवायु को गन्ना उत्पादन के लिए उपयुक्त बताते हुए किसानों द्वारा मौजूदा वर्ष में उत्पादन किए गए गन्ना की कुल मात्रा के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर किसान रमेश उईके, सतभुज देवांगन, भोजराम, बनवारी लाल आदि किसानों ने अपना विचार रखते हुए गन्ना के उत्पादन बढ़ाने एवं गन्ना किसानों को आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के संबंध में अपना सुझाव दिया।

## लो वोल्टेज और बिजली की समस्या होगी दूर: मंत्री देवांगन



**रायपुर।** वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा जिला के खरमोरा में नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र का उद्घाटन किया। इस सब स्टेशन का निर्माण 1.76 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है। मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर आयोजित समारोह पर संबोधित करते हुए कहा कि सब स्टेशन के शुरु हो जाने से कई वार्डों की बिजली की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। विशेष तौर पर दादरखुर्द, खरमोरा समेत अन्य वार्डो में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो पाएगी।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सब स्टेशन से गर्मी के दिनों में लो वोल्टेज और कटौती से राहत मिलेगी। शहर के कई जगहों पर नवीन उपकेंद्र निर्माणाधीन है। हमारा प्रयास है कि सभी का निर्माण जल्द पूरा हो सके ताकि पूरे शहर में बिजली की समस्या से निदान मिल सके। इस सब स्टेशन से आसपास के 4 वार्डो के 5 हज़ार उपभोक्तओ को इसका लाभ मिलेगा। वार्ड वासियों की मांग पर मंत्री श्री देवांगन ने वितरण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन भी वार्डों में अधिक बिजली बिल की शिकायत है, वहां जल्द शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण करें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के अधिकारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने की 'परीक्षा पे चर्चा', स्कूली बच्चों को दिए तनावमुक्त परीक्षा देने के टिप्स

संवाददाता।

### वार्षिक परीक्षा की तैयारी केसाथ प्रतियोगी परीक्षाओं के भरे फार्म, मिलेंगे बेहतर विकल्प-कलेक्टर



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबंधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को अपने पास बिठाया।

कांकेर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख कैफुर रहमान ने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए पूछा। परीक्षा के दौरान अधिकांश छात्र घबराहट महसूस करते हैं, जैसा कि प्रश्नों को सही ढंग से न पढ़ना आदि। मेरा आपसे प्रश्न है कि इन गलतियों से कैसे बचा जाए कृपया अपना मार्गदर्शन दें? जिस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तर दिया कि धैर्य रखकर अतिउत्साह में न आना और परीक्षा को एक उत्सव की तरह देखना बहुत जरूरी है।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती पूनम सोलंकी, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, स्कूल की प्राचार्य रूबी वर्गीस रायगढ़ के नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित परीक्षा पे चर्चा के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं नटवर स्कूल को 12 साल पूर्व से जानता हूं। नटवर स्कूल हमारे जिले का स्तंभ है और 12 साल बाद यहां की अधोसंरचना और भी बेहतर हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में भी आपको बेहतर करना होगा, आप जितना मेहनत करोगे उतना उतना देश के लिए काम आएगा। आप सभी फाइनल एग्जाम देने जा रहे हैं, उसके साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के सारे फॉर्म आपको भरने हैं।

नटवर स्कूल एक अग्रणी स्कूल है तो आपके स्कूल से सभी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट, जेईई, क्लैट सारे एग्जाम की फॉर्म भरने होंगे, ताकि आपके पास दो से तीन विकल्प होंगे तभी आगे आपके कैरियर चुनने में आसानी होगी। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमने भी यूपीएससी के अलावा और भी बहुत सारे फॉर्म भरे थे, फिर उसके बाद हमने तय किया कि हमें कौन सी नौकरी करनी है। आप में से जो नौकरी करना चाहते हैं, या बिजनेस करना चाहते हैं, उसमें बेहतर करें देश के विकास में अपना योगदान दे। उन्होंने आगामी परीक्षा के लिए सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। स्कूली छात्राओं ने कहा परीक्षा पे चर्चा से मिली टाईम एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट की जानकारी कक्षा 12 वीं की छात्रा कु.सोनिया चौहान ने कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव की स्थिति निर्मित होती है, जो आज प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पे चर्चा में दिए गए तनाव दूर करने के टिप्स काफी कारगर होंगे। इसी प्रकार नुपूर पटेल एवं अनुष्का महतो ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में परिवार एवं शिक्षकों द्वारा अधिक पढ़ाई के लिए जोर दिया जाता है जिससे डर के साथ तनाव की स्थिति बनती है, वहीं दोस्तों के बीच प्रतिस्पर्धा भी रहती है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से हमें महसूस हुआ कि किस प्रकार अन्य परीक्षाओं की तरह बिना डर एवं झिझक के परीक्षा देनी है। साथ ही परीक्षा के दौरान किस तरह तनाव दूर करना, टाईम मैनेजमेंट कैसे करना है, यह जानकारी मिली।

## असर एवं नेशनल अचीवमेंट सर्वे के लिए विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण

संवाददाता।

**सुकमा।** असर एवं नेशनल अचीवमेंट सर्वे'' प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन विगत दिवस पूर्व को स्वामी विवेकानन्द हॉल सुकमा में रखा गया था। जिसमें विकासखण्ड स्तरीय पीएलसी के सदस्य उपस्थित होकर कार्यशाला में शामिल हुए। प्रशिक्षण में राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा के द्वारा नेशलन अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) परीक्षा 2024 के बारे में मुख्य बिन्दू को बताया गया। उसके पश्चात् फिरोज खान सीएसी के द्वारा असर सर्वे की तैयारी करने हेतु असर टूल्स के माध्यम से बच्चों को दक्ष करने एवं नेशनल अचीवमेंट सर्वे में कक्षा 3री, 5 वीं, 8वीं के बच्चों के लिए लर्निंग आउटकम आधारित एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट और नेशलन अचीवमेंट सर्वे (एएसईआर/एनएएस) के पैटर्न पर प्रश्नपत्र तैयार करने हेतु पीएलसी की जवाबदेही तय की गई असर एवं एनएएस के परिणामों में निरन्तर सुधार करने हेतु कार्य करने की जिम्मेदारी दी गयी।

''असर एवं नेशनल अचीवमेंट सर्वे'' प्रशिक्षण में प्रत्येक संकुल से दो-दो विषयवार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्राथमिक स्तर पर कक्षा 3री एवं 5वीं में हिन्दी, गणित, पर्यावरण विषय में बच्चों को एनएएस सर्वे में शामिल करने व विषयवार प्रश्नों को हल करने के बारे में बताया गया वहीं माध्यामिक स्तर पर कक्षा 8 वीं में हिन्दी, गणित, विज्ञान, सा.विज्ञान विषय पर बच्चों को शामिल कर ओ.एम.आर. शीट के माध्यम से बच्चों को दक्ष करना।

''नेशनल अचीवमेंट सर्वे ''प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा नितिन दंडसेना के द्वारा सभी पीएलसी सदस्यों को ''लर्निंग आउटकम'' पर विशेष रूप से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।



## शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (लोकशक्ति)।** आज सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर शहीदों की स्मृति में जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है, दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी प्रकार जिले के शासकीय कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर भी दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कलेक्टर ने नवगुरूकुल परिसर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं संबंधी दिए निर्देश

रायपुर / कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा आज सुबह फुण्डहर स्थित नवगुरूकुल हॉस्टल का निरीक्षण किया और निवासरत छात्राओं को दिये जा रहे नाश्ते का स्वाद चखा। कलेक्टर ने गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए अन्य आवश्यक निर्देंश दिए। उन्होंने नवगुरुकुल परिसर की सिक्योरिटी सिस्टम, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने करने के दिये निर्देंश दिए।

इसके साथ ही नवगुरुकुल परिसर में व्यवहारिक आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्थायें आंकलन करके शीघ्र प्रदाय करने के निर्देंश दिये गये। इस अवसर पर जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियन्ता श्री के. के. शर्मा, सहायक अभियन्ता श्री अंशुल शर्मा सहित जोन क्रमांक 9 के अन्य सम्बधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





# शिक्षा से ही समाज और देश की उन्नति संभवः मुख्यमंत्री साय

## ■ मैक कार्निवल वार्षिकोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

संवाददाता।

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित मैक कार्निवल वार्षिकोत्सव 2023-24 थीम संस्कार में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत की प्राचीनकाल से ही शिक्षा के क्षेत्र में विश्वगुरु के रूप में विशिष्ट पहचान रही है। यहां पर तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालय मौजूद थे, जहां दुनिया भर से लोग ज्ञान प्राप्त करने आते थे।



उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। किसी भी देश और व्यक्ति का विकास शिक्षा के बिना नहीं हो सकता है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हम मोदी की गारंटी को तेजी से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज योग, आध्यात्म और आयुर्वेद के क्षेत्र में अग्रणी है।

मुख्यमंत्री साय ने महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के ट्रस्टियों से इस तरह के संस्थान बस्तर, जशपुर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में भी खोलने का आग्रह किया, ताकि इसका लाभ दूर-दराज अंचल के युवाओं को भी मिल सके। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में बच्चे अपना भविष्य बनाने आते है। शिक्षा के साथ संस्कार भी हो तो वह देश का एक अच्छा नागरिक बन सकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों का मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा का विकास होना चहिए। वह जिस भी क्षेत्र में जाना चाहता है अगर वहां पूरी तन्मयता के साथ लग जाय तो उसे उसकी मंजिल मिल ही जाती है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कॉलेज की तरफ से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज के ट्रस्टी महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, चत्रुभूज अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, सुरेश गोयल, विरेंद्र अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, आत्मबोध अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित अन्य ट्रस्टी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राओं सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# अच्छी शिक्षा ही उन्नत और समृद्ध राष्ट्र की बुनियादः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन के कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिक्षा से ही परिवार समाज और उन्नत और समृद्ध राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। यह कार्य हमारे शिक्षक करते हैं इसलिए उन्हें गुरू का दर्जा दिया गया है। हम सबको मिलकर शिक्षा के स्तर को उन्नत करना है। मुख्यमंत्री साय राजधानी रायपुर के राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं कर्मचारी के सम्मेलन-सह-सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए नई शिक्षा नीति लाए है। नई शिक्षा नीति से बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के साथ ही शिक्षकों को उनका अधिकार और



सम्मान मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के संयुक्त राष्ट्र के सभा में दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी जी ने भाषण में अपने देश के लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि उन्होंने सभी देशों को योग को नियमित जीवन में अपनाने की अपील कर भारत का विश्व गुरू बनने की दिशा में एक पहल की है। उन्होंने कहा कि वे अशासकीय स्कूलों की समस्याओं से अवगत हैं, उन्होंने स्वयं अनुदान प्राप्त स्कूलों में पढ़ाई की है। उन्होंनें कहा कि अनुदान प्राप्त शिक्षकों के सभी मांगों को विधिसम्मत पूरा किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनुदान प्राप्त शिक्षकों कहा कि किसी के साथ भेद-भाव नही होंगा सबकों सबका अधिकार मिलेगा। उन्होंने शिक्षकों की मांग पर आगामी तीन माह में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में आगामी सत्र से पहला परेड योग व नैतिक शिक्षा और अंतिम क्लास खेल का होगा। उन्होंने शिक्षकों से बेहतर शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ औषधीय एवं पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं समाज सेवी रामप्रताप सिंह, संगठन के अध्यक्ष संजय दुबे सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर के अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।



# कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन ग्रीन अवार्ड के लिए तैयारी शुरू

6 फरवरी तक गूगल लिंक में बिल्डर या वेलफेयर सोसाइटी को देनी होगी जानकारी, फिर होगी कॉलोनी की जांच

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर रायपुर की रेजीडेंशियल कॉलोनी की पहली त्रैमासिक रैंकिंग फरवरी में होगी। साल के पहले तिमाही से शुरू इस रैंकिंग में सबसे ऊपर रैंक पाने वाली कॉलोनी को इस बार क्लीन -ग्रीन अवार्ड से भी नवाजा जाएगा। स्वच्छता के राष्ट्रीय रैंकिंग की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राज्य सरकार के निर्देश पर सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए नगर निगम द्वारा हाल ही में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया, जिसमें जमीनी स्तर पर व्यवस्था में कसावट के लिए सघन मॉनिटरिंग के साथ नागरिकों से सीधे फीडबैक लेकर बड़ी कार्यवाही भी नगर निगम ने की है। अब स्वच्छता गतिविधियों से कॉलोनियों को सीधे जोड़ा जा रहा है। सभी फ्लैट्स और मकानों से संबद्ध रेसीडेंशियल एसोसिएशन और बिल्डर्स से कहा गया है कि फरवरी के पहले सप्ताह में स्वच्छता संबंधी पोर्टल में अपनी कॉलोनी में उपलब्ध सुविधा संबंधी जानकारी भरकर अपना नामांकन कर सकेंगे। नामांकन में सहायता के लिए नगर निगम ने बाकायदा मोबाइल नंबर - 8319667095 जारी किया है , जो पोर्टल में शुरू होने वाले गूगल लिंक से संबंधित पूरी जानकारी देगा। इस गूगल लिंक पर ही 6 फरवरी तक नामांकन होंगे, उसके बाद स्पेशल टीम कॉलोनियों की जांच कर उपलब्ध सभी सुविधाओं का परीक्षण करेगा ,जिसके निष्कर्षों के आधार पर 15 फरवरी को पहली त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन -ग्रीन अवार्ड की घोषणा होगी।

# देश के कोने-कोने से महान विभूतियों का हो रहा राष्ट्रीय सम्मानः मंत्री केदार कश्यप

संवाददाता।

नारायणपुर जिले के करन्दोला ग्रामपंचायत में आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' कार्यक्रम का 109वां एपिसोड प्रसारण किया गया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 'मन की बात' पूरे देशवासियों के लिए एक प्रेरणादायी कार्यक्रम है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के हेमचंद मांझी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि श्री मांझी पिछले पांच दशक से आयुष चिकित्सा के माध्यम गरीब मरीजों की सेवा कर रहे हैं। हमारे देश में आयुर्वेद और हर्बल मेडिसीन का खजाना छुपा हुआ है। उसके संरक्षण में वैद्यराज हेमचंद मांझी की बहुत बड़ी भूमिका है।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम के संबंध में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश के कोने-कोने के महान विभूतियों को खोज कर राष्ट्रीय सम्मान देकर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के वैद्यराज हेमचंद मांझी को पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया है। यह हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

## छत्तीसगढ़ की अनूठी पहल, हमर हाथी हमर गोठ का जिक्र-

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में श्रोताओं को बताया कि छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ 'हमर हाथी हमर गोठ' रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से हाथियों के संबंध में जानकारी प्रसारित की जाती है। मोदी जी ने इसे अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि हाथियों का झुंड किस क्षेत्र में विचरण कर रहा है और हाथियों की कितनी संख्या है? इस बात की जानकारी लोगों को रेडियो के माध्यम से मिल जाती है, जिससे संबंधित क्षेत्र के लोग सर्तक और सावधान हो जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में ऐसा प्रयोग किया जा सकता है।

## मन की बात अधिक से अधिक लोग सुने और प्रेरक कार्य करने की दिशा में आगे बढ़े

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के लोगों के प्रेरणादायी कार्य और उनके उपलब्धियों को पूरे देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। देश के लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लिए कुछ बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। हम सबका प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़े और इन कार्यों से प्रेरणा लें।

# स्कूली पाठ्यक्रम में शमिल होंगे योग और प्राणायामः बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रदेश के स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल के साथ-साथ मौलिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने यह घोषणा राजधानी रायपुर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए की।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल राजधानी रायपुर के भास्कर पब्लिक स्कूल, चंगोरा भाठा और जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांठागांव के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों और उनके पालकों और उपस्थित शिक्षकगणों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने की जिम्मेदारी परिजनों से ज्यादा शिक्षकों पर होती है क्योंकि एक उम्र के बाद उनका ज्यादा वक्त स्कूल में गुजरता है। यह समझना चाहिए कि बच्चे गीली मिट्टी की



तरह होते हैं और शिक्षक कुम्हार की तरह, जो बच्चों को एक रूप व आकार देते हैं जिससे उनके बेहतर चरित्र का निर्माण हो सके। इसीलिए सनातन धर्म में गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। इसके लिए हम हमेशा नए योजनाओं के साथ कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से राष्ट्र-प्रेम की भावना प्रबल हो तथा अपनी संस्कृति और श्रेष्ठ परंपराओं के प्रति आकर्षण बढ़े ऐसा हमारा प्रयास है।

# मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने किया पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ

## ■ छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयोजित

संवाददाता।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के द्वारा बांग्लादेश के 50 न्यायिक अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के लिए यह ऐतिहासिक पल है क्योंकि न्यायिक अकादमी के बनने के बाद से अब तक यह प्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम है जो अकादमी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा एवं माननीय न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा सका है तथा उनके मार्गदर्शन में 28 जनवरी 2024 को इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यकम राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल के प्रशिक्षण कार्यकम का हिस्सा है तथा न्यायपालिका की क्षमता एवं निपुणता को बढ़ाने राज्य न्यायिक अकादमी के उद्देश्य के एक मील का पत्थर है।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली से वर्चुअल मोड से किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बांग्लादेश से आये न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में न्यायपालिका के लिए यह आज्ञापक है कि वे एक दूसरे के अनुभवों को आत्मसात करें एवं उससे ज्ञान प्राप्त करें।



इस महत्वपूर्ण अवसर पर माननीय न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक तिवारी, सचिन सिंह राजपूत, राकेश मोहन पाण्डेय एवं रविन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यकम में बिलासपुर के निकटवर्ती जिलों से लगभग 300 न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से अधिकारीगण शामिल हुए थे।

शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल एवं बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यकम के संबंध में विस्तार से बताते हुए उन्होंने व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण कार्यकम में विधि एवं न्यायशास्त्र के महत्वपूर्ण क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए सिविल एवं आपराधिक विधि के नवीन विकास, महिलाओं से संबंधित कानून बाल अधिकारों के संरक्षण से संबंधित कानूनों के संबंध में विस्तार से सत्र आयोजित किये जायेंगे। जिसमें विधि महाविद्यालयों के व्याख्याता, वरिष्ठ अधिवक्तागण तथा छत्तीसगढ़ के अनुभवी न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा व्याख्यान दिये जायेंगे।

इस शुभारंभ कार्यकम में बांग्लादेश से आये हुए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने स्वागत उद्बोधन में न्यायाधिपति राकेश मोहन पाण्डेय के द्वारा यह बताया गया कि भारत एवं बांग्लादेश को जोड़ने के लिए अनेक क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रगान को रविन्द्रनाथ टैगोर के द्वारा ही लिखा गया है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशिका सुषमा सावंत के द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन अकादमी की अतिरिक्त निदेशिका गरिमा शर्मा द्वारा किया गया। जैसे-जैसे प्रशिक्षण कार्यकम आने वाले 5 दिनों में पूर्णता की ओर बढ़ेगा, राज्य न्यायिक अकादमी, न्यायिक समुदाय पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव एवं न्याय व्यवस्था की उन्नति में इसके योगदान को देखने के लिए उत्सुक हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)